आवस्यकता है दैनिक उजाला हितैषी एक्सप्रेस हिंदी समाचार पत्र में उत्तरप्रदेश के सभी जनपदों से पत्रकारों की संपर्क करें 9953840820

हापुड़ उत्तरप्रदेश से प्रकाशित, दिल्ली,गाजियाबाद,नोएडा,शामली,अमरोहा,मेरठ,लखनऊ से प्रसारित

दैनिक
# उजाला हितैषी एक्सप्रेस
सबका हित सबका विकास



वर्ष : 5 अंक : 137 हापुड़, सोमवार 02 दिसंबर 2024 RNI.NO. UPHIN/2020/86789 मूल्य:03 पेज: 06

## अब 'अढ़ाई दिन के झोपड़े' का मुद्दा गरमाया, नमाज पर पाबंदी लगाने की उठाई मांग

अजमेर । अजमेर दरगाह का मामला शांत भी नहीं हुआ था कि एक और प्राचीन मस्जिद को लेकर विवाद शुरु हो गया। यह विवाद देश की सबसे प्राचीन मस्जिदों में से एक अढ़ाई दिन का झोपड़ा को लेकर है। दरअसल, पिछले दिनों से हिंदू और जैन संत यहां आकर जबरन नमाज़ पढ़ने का विरोध जता चुके हैं। ऐसा इसलिए क्योंकि यहां के गर्भगृह और बाहर की दिवारों के खंभों पर साफ-साफ हिंदू-जैन मंदिर शैली में देखे जा सकते हैं। विवाद की शुरुआत उस वक्त हुई जब एक जैन साधु अढ़ाई दिन के झोपड़े को देखने के लिए जा रहे थे। तब उनको समुदाय विशेष के लोगों ने रोक दिया था। इसके बाद विवाद बढ़ा, क्योंकि अढ़ाई दिन का झोपड़ा एक पर्यटन स्थल है, जिसकी देखरेख की जिम्मेदारी भारतीय पुरातत्व विभाग की है। इस घटना के बाद अजमेर सहित देश भर के जैन समुदाय ने प्रशासन के



सामने अपत्ति दर्ज कराई थी। अजमेर नगर निगम के डिप्टी मेयर नीरज जैन ने करते हुए कहा कि अढ़ाई दिन का झोपड़ा पहले जैन मंदिर था। यहां पर संस्कृत विद्यालय भी था। इसके प्रमाण जैन महाराज सुनील सागर जी ने वहां पर विहार के दौरान बताए हैं। डिप्टी मेयर नीरज जैन ने कहा कि उन्होंने कई बार राज्य व केंद्र सरकार से इसका सर्वेक्षण करने व इसको अपने मौजूदा स्वरूप में लौटाने की मांग की है। उन्होंने कहा कि समाज विशेष के द्वारा वहां पर की जा रही अनैतिक गतिविधियां अतिक्रमण व धार्मिक क्रियायों पर रोक लगाने की भी उन्होंने प्रशासन व सरकार से मांग की है। मैं केंद्र सरकार से और राज्य सरकार से मांग करता हूं कि उसका संरक्षण संवर्धन करके उसके प्राचीन वैभव को लौटाने का प्रयास किया जाए। अढ़ाई दिन के झोपड़े में नमाज किए जाने के सवाल पर उन्होंने कहा कि वहां पर इस तरह की गतिविधियों पर रोक है, धार्मिक गतिविधि वहां नहीं की जानी चाहिए, लेकिन जानबूझकर, षड्यंत्रपूर्वक कब्जा करने की नीयत से इस प्रकार के कृत्य किसी समाज विशेष द्वारा किए जा रहे हैं, उन पर भी रोक लगनी चाहिए। दरअसल अढ़ाई दिन का झोंपड़ा 1192 ईस्वीं में अफगान सेनापति मोहम्मद गोरी के आदेश पर कुतुबुद्दीन ऐबक ने बनवाया था। असल में इस जगह पर एक बहुत बड़ा संस्कृत विद्यालय (स्कूल) और मंदिर थे, जिन्हें तोड़कर मस्जिद में बदल दिया गया था। अढ़ाई दिन के झोपड़े के मुख्य द्वार के बायीं ओर संगमरमर का बना एक शिलालेख भी है, जिस पर संस्कृत में उस विद्यालय का जिक्र किया गया है। इस मस्जिद में कुल 70 स्तंभ हैं। असल में ये स्तंभ उन मंदिरों के हैं, जिन्हें धवस्त कर दिया गया था, लेकिन स्तंभों को वैसे ही रहने दिया गया था। इन स्तंभों की ऊंचाई करीब 25 फीट है और हर स्तंभ पर खूबसूरत नक्काशी की गई है। 90 के दशक में यहां कई प्राचीन मूर्तियां ऐसे ही बिखरी पड़ी थीं, जिन्हें बाद में संरक्षित किया गया।अढ़ाई दिन का झोपड़ा नाम की लंबी कहानी है। माना जाता है कि तब मोहम्मद गोरी पृथ्वीराज चौहान को हराने के बाद अजमेर से गुजर रहा था। इसी दौरान उसे वास्तु के लिहाज से बेहद उम्दा हिंदू धर्मस्थल नजर आए। गोरी ने अपने सेनापति कुदुबुद्दीन ऐबक को आदेश दिया कि इनमें से सबसे सुंदर स्थल पर मस्जिद बना दी जाए. गोरी ने इसके लिए 60 घंटों यानी ढाई दिन का वक्त दिया। गोरी के दौरान हेरात के वास्तुविद अबु बकर ने इसका डिजाइन तैयार किया था। जिस पर हिंदू ही कामगारों ने 60 घंटों तक लगातार बिना रुके काम किया और मस्जिद तैयार कर दी।

## हमारी लड़ाई हमारे देश की आत्मा के लिए है- कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी

वायनाड । कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी वाद्रा ने रविवार को भाजपा नीत केंद्र सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि आज लड़ाई उस ताकत के खिलाफ है जो लोगों के अधिकारों को कमजोर करके उन्हें कुछ व्यापारी मित्रों के हवाले कर रही है। उन्होंने यहां मनंतवाडी में एक सभा को संबोधित करते हुए कहा, ''आज हम अपने राष्ट्र की भावना, भारत की आत्मा के लिए लड़ रहे हैं।'' वायनाड के अपने दौरे के दूसरे दिन की शुरुआत करते हुए उन्होंने कहा, ''हम एक ऐसी ताकत के खिलाफ लड़ रहे हैं जो हमारे देश की नींव पर बनी संस्थाओं को नष्ट करने के लिए हरसंभव कोशिश कर रही है।'' उन्होंने



वायनाड के लोगों के साथ रहने और उनकी जरूरतों के लिए कंधे से कंधा मिलाकर आगे बढ़ने का वादा किया। जारी कार्यक्रम में प्रियंका के दोपहर 12.15 बजे सुल्तान बाथरी और दोपहर 1.30 बजे कलपेट्टा में सभा करने की बात कही गई। राहुल गांधी के साथ दो दिवसीय वायनाड दौरे पर आईं प्रियंका ने शनिवार को वायनाड लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले तिरुवंबाडी के मुक्कम, निकंबूर के कौलाई, कोझीकोड के वंदूर और एडवन्ना और मलप्पुरम जिलों में जनसभाओं में हिस्सा लिया था। प्रियंका ने वायनाड लोकसभा उपचुनाव में 4,10,931 मतों के बड़े अंतर से जीत हासिल की, जो उनका पहला चुनावी मुकाबला था।

## कार्रवाई की उम्मीद में कानून-व्यवस्था का मुद्दा उठाया लेकिन मुझ पर ही हमला करा दिया गया- केजरीवाल



नई दिल्ली । आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने यहां कानून-व्यवस्था के मुद्दों पर कथित निष्क्रियता के लिए भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नीत केंद्र सरकार पर रविवार को निशाना साधते हुए दावा किया कि अपराधियों के खिलाफ कार्रवाई करने के बजाय 30 नवंबर को मालवीय नगर में उनकी पदयात्रा के दौरान उन पर हमला कराया गया। भाजपा ने अब तक आरोपों पर कोई प्रतिक्रिया नहीं दी है। केजरीवाल ने संवाददाता सम्मेलन में कहा, 'मुझ पर फेंका गया तरल पदार्थ हानि रहित था, लेकिन यह खतरनाक हो सकता था। पिछले 35 दिन में मुझ पर हुआ यह तीसरा हमला है।' पूर्व मुख्यमंत्री ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह पर यह संदेश देने का भी आरोप लगाया कि अपराधियों के बजाय शिकायतकर्ताओं को ही गिरफ्तारी का सामना करना पड़ेगा। केजरीवाल ने 'आप' विधायक नरेश बाल्यान की गिरफ्तारी की भी आलोचना की, जिन्होंने पहले गैंगस्टरों द्वारा जबरन वसूली के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई थी। 'आप' प्रमुख ने कहा, 'अपराधियों को गिरफ्तार करने के बजाय वे हमारे विधायकों को निशाना बना रहे हैं।' उन्होंने दिल्ली के निवासियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए असली अपराधियों के खिलाफ कार्रवाई किए जाने की मांग की। दक्षिणी दिल्ली के मालवीय नगर में शनिवार को केजरीवाल की पदयात्रा के दौरान एक व्यक्ति ने उन पर कोई तरल पदार्थ फेंक दिया था। 'आप' नेता ने भाजपा पर निशाना साधते हुए आरोप लगाया कि भाजपा बेईमानी का सहारा ले रही है, क्योंकि उसे आगामी दिल्ली विधानसभा चुनाव में लगातार तीसरी बार हार का डर है।

## नहीं होने देंगे किसी के भी साथ अन्याय -सीएम योगी आदित्यनाथ



गोरखपुर । मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गोरखपुर प्रवास के दौरान रविवार सुबह गोरखनाथ मंदिर में जनता दर्शन में आए लोगों से मुलाकात की। सीएम योगी ने लोगों की समस्या सुनने के बाद कहा कि वह किसी के भी साथ अन्याय नहीं होने देंगे। हर पीड़ित की समस्या का निराकरण किया जाएगा, सबको न्याय मिलेगा। इस बारे में सीएम योगी आदित्यनाथ ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि सभी की समस्या का शीघ्रता से गुणवत्तापूर्ण और पारदर्शी निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। दरअसल, रविवार सुबह गोरखनाथ मंदिर परिसर में जनता दर्शन के लिए दरबार लगाया गया। इस दौरान महंत दिग्विजयनाथ स्मृति भवन के सामने बैठे लोगों से मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मुलाकात की और एक-एक करके सबकी समस्याएं सुनीं। उन्होंने करीब 300 लोगों से मुलाकात की। लोगों के प्रार्थना पत्रों को संबंधित अधिकारियों को संदर्भित करते हुए त्वरित और संतुष्टिपरक निस्तारण का निर्देश देने के साथ लोगों को भरोसा दिलाया। उन्होंने कहा कि सरकार हर पीड़ित की समस्या का समाधान कराने के लिए तत्पर और प्रतिबद्ध है। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों से कहा कि हर पीड़ित के साथ संवेदनशील रवैया अपनाएं और उनकी समस्याओं का समाधान कर उसे संतुष्ट करें। इसमें किसी भी तरह की कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। जमीनी विवाद की शिकायतों पर सीएम योगी ने कहा कि अगर विवाद पारिवारिक हो तो संबंधित पक्षों के बीच वार्ता कराई जाए और बात न बनने पर विधिक कार्रवाई की जाए। यदि कोई दबंग किसी की जमीन पर अवैध कब्जा कर रहा हो तो उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए। मुख्यमंत्री के समक्ष जनता दर्शन में कई लोग इलाज के लिए आर्थिक सहायता की गुहार लेकर पहुंचे थे। सीएम योगी ने उन्हें आश्वस्त किया कि सरकार इलाज के लिए भरपूर मदद करेगी। उनके प्रार्थना पत्रों को अधिकारियों को हस्तगत करते हुए मुख्यमंत्री ने निर्देश दिया कि इलाज से जुड़ी इस्टीमेट की प्रक्रिया को जल्द से जल्द पूर्ण कराकर शासन में उपलब्ध कराया जाए। राजस्व व पुलिस से जुड़े मामलों को उन्होंने पूरी पारदर्शिता तथा निष्पक्षता के साथ निस्तारित करने का निर्देश देते हुए कहा कि किसी के साथ भी नाइंसाफी नहीं होनी चाहिए। रविवार सुबह गोरखनाथ मंदिर परिसर का भ्रमण करने के दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने परिजनों के साथ मंदिर आए बच्चों को प्यार, दुलार और आशीर्वाद दिया। बच्चों को अपने पास बुलाकर उनसे बातचीत की। नाम पूछने के साथ हंसी ठिठोली की। उनसे पढ़ाई के बारे में जानकारी ली और खूब पढ़ने के लिए प्रेरित किया। सीएम ने बच्चों को चॉकलेट गिफ्ट देकर विदा किया।

## प्रयागराज महाकुंभ के लिए भगवा रंग में रंगी होंगी इटावा रीजन की सैकड़ों बसें

इटावा । प्रयागराज महाकुंभ मेले में इटावा रीजन की 410 स्पेशल बसें कुंभ आने जाने वाले यात्रियों के लिए लगाई जाएंगी। इन सभी बसों को भगवा रंग में रंगा जाएगा। इसका काम रोडवेज निगम के वर्कशॉप में शुरू कर दिया गया है। करीब 45 दिन चलने वाले महाकुंभ के लिए परिवहन निगम युद्ध स्तर से तैयारियों में जुटा हुआ है। इटावा रीजन में कुल 489 बसें हैं, इसमें से करीब 181 बसें पहले से ही भगवा रंग में रंगी हुई हैं। शेष का रंग रोगन किया जा रहा है। 50 अतिरिक्त नई बसें साधारण यात्रियों के लिए मुख्यालय से मांगी गई हैं। इसी के साथ 100 संविदा चालकों की भर्ती की जानी है। यह जानकारी इटावा परिक्षेत्र के प्रबंधक उमेश सीएस आर्य ने दी। उन्होंने बताया कि इस महाकुंभ मेले में जिले से दूसरे चरण में 22 जनवरी से सात फरवरी तक 229 बसें सीधे प्रयागराज के लिए दौड़ेंगी। वर्तमान में सभी बसों का कायाकल्प किया जा रहा है। कायाकल्प के बाद सभी बसों का भगवा कलर में रंग-रोगन किया जाएगा। इटावा रीजन में 181 बसें पहले से भगवा रंग में विभिन्न मार्गों पर दौड रहीं हैं। उन्होंने आगे बताया कि इटावा रीजन में आठ डिपो हैं। इसमें इटावा समेत सैफई, मैनपुरी, बेबर, छिबरामऊ, फर्रुखाबाद, शिकोहाबाद फिरोजाबाद हैं। इन सभी डिपो से कुंभ मेले में आवश्यकता अनुसार बसें ली जाएंगी। साथ ही कुंभ स्नान करने वाले इटावा जिले के साथ आसपास जिले के लोगों को सीधे प्रयागराज जाने के लिए सेवा उपलब्ध कराई जाएगी। उन्होंने बताया कि यात्रियों की सुविधा के लिए 100 अतिरिक्त संविदा चालकों की भी भर्ती की जाएगी। इसके लिए उनका साक्षात्कार करके उनको ट्रेनिंग के



लिए कानपुर भेजा जाएगा। महाकुंभ मेला न केवल धार्मिक दृष्टि से महत्वपूर्ण है, बल्कि यह भारतीय संस्कृति, सामाजिक एकता और श्रद्धा का भी प्रतीक है। इस बार महाकुंभ मेला 2025 में प्रयागराज में आयोजित किया जा रहा है। इससे पहले 2013 में प्रयागराज में महाकुंभ का आयोजन हुआ था। इस बार पौष पूर्णिमा यानी 13 जनवरी 2025 से महाकुंभ शुरू होने वाला है, वहीं 26 फरवरी 2025 को महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर इसका समापन होगा। महाकुंभ में विभिन्न अखाड़ों के साधु-संत भी जुटते हैं। इस दौरान वह हवन, पूजा और अन्य धार्मिक अनुष्ठानों में भाग लेते हैं। महाकुंभ में कुछ विशिष्ट दिनों को शाही स्नान के रूप में मनाया जाता है। इसमें श्रद्धालुओं का जनसैलाब उमड़ता है।

## 'सामूहिक विवाह कार्यक्रम' दहेज प्रथा पर प्रहार और सामाजिक समता का प्रतीक- सीएम योगी

गोरखपुर । उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि प्रदेश सरकार के समाज कल्याण विभाग की तरफ से होने वाला मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह कार्यक्रम एक तरफ सामाजिक समता का प्रतीक हैं तो वहीं दूसरी तरफ यह समाज की बड़ी विकृति दहेज प्रथा पर प्रहार भी है। सामूहिक विवाह कार्यक्रम में जाति, मत, मजहब, क्षेत्र, भाषा का कोई बंधन नहीं है। हिंदू, मुस्लिम या अन्य मतावलंबी, सभी अपनी-अपनी परंपरा के अनुरूप विवाह के पवित्र बंधन में जुड़ रहे हैं। साथ ही यह कार्यक्रम दहेज, बाल विवाह और अस्पृश्यता के खिलाफ सरकार द्वारा शुरू की गई एक लड़ाई और अभियान भी है। सीएम योगी रविवार को हिंदुस्तान उर्वरक एवं रसायन लिमिटेड (खाद कारखाना) के परिसर में 1,200 जोड़ों के मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह समारोह को संबोधित कर रहे थे। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि कई बार दहेज के कारण योग्य कन्याएं विवाह बंधन से नहीं जुड़ पाती थीं, ऐसे में सामूहिक विवाह कार्यक्रम से जुड़ने वाले सभी युवक-युवतियों ने दहेज के खिलाफ समाज में आदर्श प्रस्तुत किया है। उन्होंने बताया कि प्रदेश सरकार मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत वर्ष 2017 से अब तक सात साल में 3 लाख 84 हजार शादियां करा चुकी है। यह सत्र संपन्न होने पर यह संख्या 4 लाख से अधिक हो चुकी होगी। गरीब बेटियों को दहेज के भेड़ियों से बचाने के लिए मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह के कार्यक्रम हर जिले में हो रहे हैं। सरकार की मंशा है कि कोई बेटी दहेज के कारण अनब्याही न रहे। इसके लिए ही सामूहिक विवाह कार्यक्रम को अभियान रूप में चलाया जा रहा है। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि जब अच्छी सरकार होती है तो अच्छे कार्य होते हैं। 2014 में जब नरेंद्र मोदी प्रधानमंत्री बने तो उन्होंने अच्छे कार्यों की श्रृंखला खड़ी कर दी। महिलाओं के लिए 'बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ' जैसी योजना चलाई, नारी गरिमा की रक्षा के लिए गांव-गांव, घर-घर व्यक्तिगत शौचालय बनवाए। मुफ्त रसोई गैस कनेक्शन दिए, मुफ्त राशन और जिनके पास आवास नहीं थी, उन्हें आवास दिए। बीमारी के उपचार के लिए पांच लाख रुपये तक के इलाज लिए आयुष्मान कार्ड दिए। उन्होंने कहा कि सरकार हर तबके



को लाभान्वित कर रही है। श्रमिकों के बच्चों की मुफ्त शिक्षा के लिए अटल आवासीय विद्यालय चल रहे हैं, निराश्रित, दिव्यांगजन आदि 1 करोड़ लोगों को 12 हजार रुपये सालाना पेंशन दिया जा रहा है। कन्या सुमंगला योजना के तहत 20 लाख बेटियों के स्वावलंबन के लिए 25 हजार रुपये का पैकेज दिया गया है। उन्होंने यह भी कहा कि आज विवाह बंधन में जुड़ने वाले युवा और उनके अभिभावक इसलिए भी भाग्यशाली हैं कि उनके विवाह का निमंत्रण स्वयं प्रशासन दे रहा है। समाज कल्याण विभाग की तरफ से आयोजित इस समारोह में 1,200 जोड़े विवाह के पावन बंधन में बंधे। नवयुगलों में हिंदू, मुस्लिम दोनों शामिल रहे। सभी नव दंपतियों को आशीर्वाद देते हुए सीएम योगी ने उनके सुखमय और मंगलमय जीवन की कामना की। उन्होंने मंच से दस नवयुगलों को उपहार-शगुन किट भेंट किया। उपहार देने के दौरान मुख्यमंत्री ने जोड़ों से आत्मीय संवाद भी किया। मंच पर जोड़ों को आशीर्वाद देने के अलावा मुख्यमंत्री कार्यक्रम स्थल के मुख्य मंडप में भी गए। मंडप की व्यवस्थाओं का जायजा लेने के साथ उन्होंने नवयुगलों और उनके अभिभावकों को विवाह की शुभकामनाएं दी।

## संभल हिंसा-न्यायिकआयोग के सदस्यों ने किया हिंसा प्रभावित क्षेत्रों का दौरा



संभल । उत्तर प्रदेश के संभल में पिछले महीने शाही जामा मस्जिद के सर्वे के दौरान हुई हिंसा की जांच के लिए गठित तीन सदस्यीय न्यायिक आयोग के दो सदस्यों ने रविवार को मस्जिद सहित शहर के हिंसा प्रभावित इलाकों का दौरा किया। आयोग के प्रमुख एवं इलाहाबाद उच्च न्यायालय के सेवानिवृत्त न्यायाधीश देवेंद्र कुमार अरोड़ा और सेवानिवृत्त आईपीएस अधिकारी अरविंद कुमार जैन ने कड़ी सुरक्षा के बीच मस्जिद के पास कोट गर्वी इलाके में हिंसा प्रभावित इलाकों का दौरा किया। आयोग के तीसरे सदस्य, पूर्व आईएएस अधिकारी अमित मोहन प्रसाद रविवार के दौरे के दौरान मौजूद नहीं थे। आयोग के सदस्यों ने हालांकि सुबह के दौरे के दौरान मीडिया के किसी भी सवाल का जवाब नहीं दिया। उनके साथ मुरादाबाद के मंडलायुक्त आंजनेय कुमार सिंह, पुलिस उपमहानिरीक्षक मुनिराज जी, संभल के जिलाधिकारी राजेंद्र पेंसिया और पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार भी थे। मंडलायुक्त ने शनिवार को बताया था कि अरोड़ा और जैन एक दिन पहले ही मुरादाबाद पहुंच गए थे, जबकि प्रसाद के संभल में उनके साथ शामिल होने की उम्मीद थी। संभल में 24 नवंबर को अदालत के आदेश पर मुगलकालीन शाही जामा मस्जिद के सर्वेक्षण के दौरान हिंसा भड़क गई थी। इस दौरान चार लोगों की मौत हो गई थी और अनेक अन्य घायल हो गए थे। सर्वेक्षण का आदेश एक याचिका पर दिया गया था, जिसमें दावा किया गया था कि मस्जिद स्थल पर कभी हरिहर मंदिर हुआ करता था आयोग को दो महीने के भीतर अपनी जांच पूरी करने का निर्देश दिया गया है। इस समयसीमा को बढ़ाने के लिए सरकार की मंजूरी की जरूरत होगी। आयोग इस बात की जांच करेगा कि क्या पिछली 24 नवंबर को हुई हिंसक झड़पें स्वत:स्फूर्त थीं या किसी सुनियोजित आपराधिक साजिश का हिस्सा थीं। साथ ही स्थिति को संभालने में पुलिस और प्रशासन की तैयारियों की भी जांच होगी। आयोग हिंसा के लिए जिम्मेदार परिस्थितियों का भी विश्लेषण करेगा और भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोकने के उपायों की सिफारिश करेगा।

## संविधान बचा तो हम सब लोग बचेंगे- मल्लिकार्जुन खड़गे

नई दिल्ली । कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने रविवार को दिल्ली के रामलीला मैदान में संविधान की रक्षा के लिए आयोजित महारैली को संबोधित किया। उन्होंने लोगों से एकजुट होकर संविधान को बचाने की बात कही है।

मल्लिकार्जुन खड़गे ने अपने संबोधन में कहा कि आज ऐतिहासिक समय है। जब हम लोगों को किसी चीज को हासिल करना है तो एकता होनी बहुत जरूरी है। जब तक एकता नहीं आएगी, तब तक आप लोग कुछ भी हासिल नहीं कर पाएंगे। उन्होंने आगे



कहा कि मैं इसलिए कह रहा हूं कि अगर हम टुकड़े टुकड़ों में बाटेंगे और कन्याकुमारी से कश्मीर तक एक नहीं होंगे, तब तक हम कोई चीज हासिल नहीं कर सकते। आपका एक संगठन नहीं, देश के सभी संगठन चाहते हैं कि इस देश में संविधान को बचाना चाहिए। संविधान बचा तो हम सब लोग बचेंगे। इसलिए हमको एक रहकर इस संविधान को बचाना होगा और हर पार्टी के लोग अपने-अपने हिसाब से काम कर रहे हैं।

उसके साथ ही हमको लोकतंत्र को भी बचाना है। लोकतंत्र नहीं बचेगा तो आपकी हिस्सेदारी नहीं बढ़ेगी। संविधान बाबा साहेब अंबेडकर की देन है। पंडित जवाहरलाल नेहरू ने 1922 में एक कांग्रेस के अधिवेशन में रेज्युलेशन पास किया था। उन्होंने आजादी के बाद हम सभी लोगों को वयस्क मताधिकार देंगे, उस वक्त ब्रिटिश के जमाने में सिर्फ चंद लोग वोटर्स थे।

# संपादकीय

## ऐसे करें चंद्र दर्शन और पूजा, मिलता है ये फल





हिंदू कैलेंडर के हिसाब से चंद्र दर्शन हर माह में एक बार होता ही हैं। चन्द्र दर्शन तब किया जाता है जब अमावस्या के बाद पहली बार चंद्रमा दिखाई देता है। चंद्र दर्शन हिंदू धर्म में काफी महत्व रखता है क्योंकि चंद्रमा को देवता समान माना जाता है। भक्त इस दिन भगवान चंद्र की पूजा करते हैं और व्रत रखते हैं और चंद्र देवता की विशेष पूजा करते हैं। इस विशेष दिन पर चंद्रमा को देखने के लिए इसे बहुत भाग्यशाली और समृद्ध माना जाता है। भगवान चंद्रमा की पूजा घर में सफलता और सौभाग्य लाती है। अनुष्ठान-इस दिन महिलाएं व्रत रखती हैं और अपने पति और बच्चों की लंबी उम्र की कामना करती हैं। अपनी श्रद्धा और भक्ति के अनुसार लोग भी इस दिन व्रत रख पूजा करते हैं। व्रत के दौराना भक्त पूरे दिन किसी भी प्रकार का भोजन ग्रहण नहीं करते हैं। चांद दिखने के बाद ही व्रत खत्म होता है। साथ ही इस दिन ब्राह्मणों को चीनी,चावल और कपड़े दान करना और भी अधिक अच्छा माना जाता है। महत्व-चंद्रमा को नौ ग्रहों में से बहुत ही विशेष माना जाता है। ऐसा माना जाता है कि चंद्रमा का पृथ्वी पर मनुष्यों जीवन पर एक बहुत ही विशेष प्रभाव होता है। चंद्र दर्शन करने से और इस दिन व्रत करने से सभी प्रकार की नकारात्मकता से छुटकारा मिलता है। जीवन में सकारात्मकता का संचार होता है। इस विशेष दिन पर भगवान चंद्रमा की पूजा करने से भक्तों के जीवन में पवित्रता और ज्ञान का अद्भुद संचार होता है। जीवन में नकारात्मक विचारों से मुक्ति मिलती है। व्रत के दौरान शक्तिशाली चंद्र मंत्रों का जाप किया जाता है ताकि अच्छे परिणाम प्राप्त किये जा सके।

## बाल कहानी - गणित



अरे कुर्सी खींचकर बैठ जाइए, खड़े मत रहिए। दो मिनट में मुखातिब होता हूँ आपसे। अरे नहीं... नहीं आपसे नहीं कह रहा, आपसे तो बात कर ही रहा हूँ। हाँ बिलकुल निश्चिंत रहिए, आपने कहा है तो काम होगा ही। अच्छा नमस्ते... नमस्ते। बात खत्म होते ही मंत्री महोदय ने फोन वापस चोगे से टिका दिया। सर, आपने याद किया? अफसर ने एक भी पल गँवाए बिना पूछा। हाँ जी, क्यों पीछे पड़े हैं आप मेरे सिंह सा०ब? चैन से जीने क्यों नहीं देते।सर!! कोई गुस्ताखी हुई मुझसे सर? हाथ में पकड़ी हुई फाइल पर पकड़ मजबूत करते हुए अफसर ने हैरानी जताई। अब ऐसा तो है नहीं कि आपसे कुछ छुपा हो। कितने साल घिसने के बाद अब जाकर मंत्री बना हूँ, जानते तो होंगे ना आप!! जानते हैं न? सर, फिर किसलिए पहला मौका ही खराब कर रहे हैं आप मेरा? अभी मौसम चल रहा है तबादलों का सो मैंने भी कुछ सैकड़ा मास्टरों के तबादले कर दिए। सर, अफसर ने सुनने की प्रक्रिया जारी रखी। मेरा मानना है कि किसी दूर-दराज के गाँव के स्कूल में उसी क्षेत्र या आस-पास के क्षेत्र के मास्टर को लगाने पर तो कोई वापस नहीं आता तबादले के लिए रिरियाने। लोग तबादले करने तभी आते हैं जब उन्हें चार जनपद छोड़कर या सड़क से कटे गाँवों में नियुक्त कर दिया जाए। इस सब पर इतना दिमाग लगाने के बाद मैंने जो सूची बनवाई थी आप उसमे भी फेर-बदल पर लगे हैं। मंत्री जी ने एक साँस में सारी तकलीफ कह डाली। सर, आप गलत समझ रहे हैं, मैंने सिर्फ दो बदलाव किया है जो आपके फायदे के लिए ही है। जिस रामशरण को आप तीन जनपद दूर भेजने की सोच रहे हैं, वह असल में जाना ही वहीं चाहता है, पहले भी अर्जी लगा चुका है। अपने शहर में उसकी अपने खानदान वालों से नहीं बनती। उसका तबादला अगली सूची में करेंगे तो आपका ही फायदा है। मंत्री जी मुस्कुरा कर इतना ही बोले- हाँ तब ठीक है, निकाल दीजिए प्रिंट। मेरी सहमति है।

# 02 दिसंबर 2024 का पंचांग






आचार्य सुकुल प्रसाद, ज्योतिष, हस्तरेखा, अंकशास्त्र एवं वास्तु विशेषज्ञ। मो-7078453594

सूर्योदय- 06.56 प्रात-
सूर्यास्त- 05.36 सायं
सूर्य राशि- वृश्चिक
चंद्र उदय- 07.48 प्रात-
चंद्र अस्त- 06.25 सायंकाल
चंद्रमा- दोपहर 03.45 उपरांत धनु राशि में।

विक्रम समवत 2081 अमांत महीना मार्गशीर्ष-01 पूर्णिमांत महीना मार्गशीर्ष-17 पक्ष- शुक्ल पक्ष-01 तिथि-प्रतिपदा दोपहर 12.43 तक बाद में द्वितीया, नक्षत्र-ज्येषठा दोपहर 03.45 तक बाद में मूल, योग- धृती दोपहर- 04.00 बजे तक बाद में शूल, करण-बव दोपहर- 12.43 तक बाद में बालव दोपहर 12.59 तक बाद में कौलव,

राहु काल प्रात- 07.30 से 09.00 बजे तक, कुलीक काल प्रात- 01.30 से 03.00 बजे तक यमगंड दोपहर- 10.30 से 12.00 बजे तक, अभिजीत मुहूर्त प्रात- 11.55 से 12.37 तक दुमुहूर्त दोपहर- 12.37 से 01.20 तक व 02.45 से 03.28 तक ब्रह्म मुहूर्त-प्रात- 05.20 से 06.08 तक।

# आज 02 दिसंबर का दैनिक राशिफल।

मेष- बाहर उच्च शिक्षा लेनी सोच रहे है तो धन की समस्या होगी, महँगी खरीदारी कर सकते है,होने वाले ससुराल पक्ष के घर जाना होगा।
भाग्य प्रतिशत-57

वृषभ- मित्रो के साथ पार्टी कर सकते है, जिम जाकर फिटनेस पर ध्यान देंगे, वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से किसी से जरूरी बातचीत करेंगे।
भाग्य प्रतिशत-80

मिथुन- मीटिंग या अन्य जगह भाषण देने का अवसर मिल सकता है, तैयारी रखें, नए लोगों से मिलेंगे,मित्र बना लेंगे, व्यापारीक बुद्धि रहेगी।
भाग्य प्रतिशत-77

कर्क-किसी साथी की उन्नति से जलन सम्भव है, नौकरी बदलाव की इच्छा रहेगी, हाइपरटेंशन हृदय रोग है तो ध्यान रखें।
भाग्य प्रतिशत-49

सिंह- परिवार को सुख दे पाएंगे, अन्य सोर्स से आय होगी, ग़ैर जाति में विवाह समबन्ध जुड़ सकता है, किसी अच्छे होटल में खाना खाएंगे।
भाग्य प्रतिशत-79

कन्या-व्यापारी वर्ग उन्नति करेगा, विदेश की धरती पर जाना हो सकता है, पार्टी, मौजमस्ती करने का अवसर मिलेगा।
भाग्य प्रतिशत-78

तुला- वैवाहिक जीवन में मांग को लेकर तनाव सम्भव है, वाहन लेने की योजना बनेगी, ननिहाल में किसी के खराब स्वास्थ्य का पता चलेगा।
भाग्य प्रतिशत-58

वृश्चिक- महँगी शिक्षा लेने में दिक्कत होगी, कोर्ट केस आरम्भ हो सकता है, अड़चनों के कारण पूजा पाठ से मन हट सकता है।
भाग्य प्रतिशत-49

धनु- सेल फोन,कंप्युटर कोचिंग, शादी कार्ड प्रिंटिंग जैसे व्यवसाय में उन्नति होगी, किसी को दो टुक बोलने से आपका नुकसान हो सकता है।
भाग्य प्रतिशत-63

मकर- योजनाए बनाकर उन पर कार्य करने की जरूरत है, साहस कम हो सकता है, स्त्री सम्बन्धित व्यवसाय में थोड़ी परेशानी होगी।
भाग्य प्रतिशत-48

कुम्भ-निवेश से लाभ होगा, पत्नी के नाम से व्यवसाय लाभ देगा, सरकारी कार्य में अच्छे निर्णय से पद बढ़ सकता है।
भाग्य प्रतिशत-68

मीन- सुख वृद्धि होगी, कार्य करने के लिए घर के लोगों का सहयोग मिलेगा, खर्चा थोड़ा सम्भालकर करें तो बेहतर होगा।
भाग्य प्रतिशत-73

## 17 जनवरी, 2025 को रिलीज होगी फिल्म आजाद




मुंबई । बॉलीवुड अभिनेता अजय देवगन कि फिल्म आजाद 17 जनवरी, 2025 को रिलीज होगी। अजय देवगन के भतीजे अमन देवगन और रवीना टंडन की बेटी राशा थडानी आजाद से अपना बॉलीवुड डेब्यू करेंगे। अब निर्माताओं ने फिल्म की रिलीज की तारीख का भी एलान कर दिया है। निर्माताओं ने फिल्म आजाद का नया पोस्टर जारी करते हुए, फिल्म की रिलीज की तारीख की घोषणा की। फिल्म में अजय देवगन भी अहम भूमिका में नजर आएंगे। फिल्म के पोस्टर में अजय देवगन नजर आ रहे हैं। साथ ही राशा थडानी और अमन देवगन भी नजर आए। पोस्टर जारी करते हुए निर्माताओं ने बताया कि यह फिल्म 17 जनवरी, 2025 को रिलीज होने वाली है। अजय देवगन ने भी फिल्म आजाद का नया पोस्टर जारी किया। उन्होंने पोस्ट के साथ कैप्शन में लिखा, इस कहानी का दिल एक योद्धा है, और धड़कन। आजाद, 17 जनवरी 2025 को बड़े पर्दे पर रोमांच का गवाह बनें। अभिषेक कपूर निर्देशित फिल्म आजाद का निर्माण रोनी स्क्रूवाला और प्रज्ञा कपूर ने किया है।

## गौहर खान ने करण संग खूब किया ‘नैन मटक्का’, बोलीं- ‘जो करो, दिल से करो’



मुंबई । वरुण धवन और कीर्ति सुरेश स्टारर अपकमिंग 'बेबी जॉन' का गाना 'नैन मटक्का' रिलीज के बाद से धूम मचा रहा है। इस गाने पर एंटरटेनमेंट इंडस्ट्री का बड़ा चेहरा गौहर खान, अभिनेता करण ग्रोवर के साथ थिरकती नजर आईं। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म इंस्टाग्राम पर एक ट्रेंडिंग रील शेयर कर अभिनेत्री ने कैप्शन में लिखा, इस तरह हम एक शानदार पार्टी का अंत करते हैं, कुछ भी हो पर दिल से हो! करण ग्रोवर आपका ऐसा खेल, जहां रफू की मुलाकात प्यारी लोला से हुई, बहुत मजा आया। ट्रेंडिंग सॉन्ग हमेशा की तरह धमाल मचा रहा है। वरुण धवन- कीर्ति सुरेश मजा आ गया। गौहर खान की पोस्ट पर कमेंट कर अभिनेता करण ग्रोवर ने लिखा, मेरे सबसे अच्छे डांस टीचर होने के लिए धन्यवाद गौहर खान, बहुत मजेदार था। बता दें कि 'नैन मटक्का' गाना वरुण धवन और कार्ति सुरेश स्टारर 'बेबी जॉन' का है, जिसे पंजाबी और हिंदी गानों में शानदार टच देने वाले गायक दिलजीत दोसांझ ने गाया है। इससे पहले वरुण धवन का एक रील भी काफी वायरल हुआ, जिसमें वह मुंबई के ताज होटल के सामने 'नैन मटक्का' पर डांस करते नजर आ रहे हैं। इस बीच गौहर खान के वर्कफ्रंट की बात करें तो 'बिग बॉस 7' की विनर अभिनेत्री वर्तमान में झलक दिखला जा 11 को होस्ट कर रही हैं। गौहर टीवी शोज के साथ ही कई फिल्मों में भी एक्टिंग का जादू बिखेर चुकी हैं। गौहर खान 'इश्कजादे', 'रॉकेट सिंह', 'बद्रीनाथ की दुल्हनिया', 'फीवर' जैसी सफल फिल्मों के साथ ही कई टीवी शोज में भी काम कर चुकी हैं। क्रिसमस पर रिलीज को तैयार 'बेबी जॉन' में वरुण धवन और कीर्ति सुरेश के साथ वामिका गब्बी और जैकी श्रॉफ भी अहम रोल में हैं। 'बेबी जॉन' का निर्देशन कलीज ने किया है। यह फिल्म एटली निर्देशित साउथ फिल्म 'थेरी' की रीमेक है। 'थेरी' साल 2016 में रिलीज हुई थी।

## हर्षित राणा की बदौलत भारत ने ऑस्ट्रेलियाई पीएम 11 को 240 रन पर समेटा



कैनबरा । तेज गेंदबाजी आलराउंडर हर्षित राणा के (4-44) के खतरनाक स्पैल की बदौलत भारत ने रविवार को मनुका ओवल में पिंक बॉल से खेले गए अभ्यास मैच में आस्ट्रेलियाई पीएम 11 को 43.2 ओवर में 240 रन पर आउट कर दिया। बारिश के कारण दो दिवसीय पिंक बॉल मैच का पहला दिन धुल जाने के बाद, भारत ने 50 ओवरों के सीमित मुकाबले में पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। युवा बल्लेबाज सैम कोंस्टस ने 90 गेंदों में शतक जड़कर चमक बिखेरी, जिससे ऑस्ट्रेलिया के खराब फॉर्म में चल रहे बल्लेबाज मार्नस लाबुशेन और नए सलामी बल्लेबाज नाथन मैकस्वीनी पर दबाव बढ़ गया, जिन्होंने पर्थ में डेब्यू पर कुछ खास नहीं किया। लेकिन राणा ने छह गेंदों में चार विकेट लेकर सुनिश्चित किया कि भारत पीएम 11 को 250 के स्कोर से 10 रन नीचे रखे। सलामी बल्लेबाज मैथ्यू रेनशॉ सिर्फ पांच रन बनाकर मोहम्मद सिराज की गेंद पर दूसरी स्लिप में आउट हो गए, और इसके बाद जेडन गुडविन ने आकाश दीप की गेंद पर विकेट के पीछे कीपर को कैच थमा दिया, जिससे पीएम 11 का स्कोर 5.5 ओवर में 22/2 हो गया। बारिश के कारण मैच 46-ओवर का हो गया। लेकिन कोंस्टस अपने शानदार स्ट्रोक-प्ले में दमदार दिखे। कुल मिलाकर, उन्होंने 97 गेंदों पर 107 रन बनाए जिसमें 14 चौके और एक छक्का शामिल था और उनका स्ट्राइक रेट 110.3 था, जबकि जैक क्लेटन (40) के साथ 109 रनों की साझेदारी की। लेकिन राणा ने क्लेटन, ओली डेविस, जैक एडवर्ड्स और सैम हार्पर को आउट करके भारत को मैच में वापस ला दिया और पीएम इलेवन का स्कोर 138/7 पर पहुंचा दिया। कोंस्टस को हनो जैकब्स के रूप में एक अच्छा साथी मिला और दोनों ने आठवें विकेट के लिए 67 रनों की साझेदारी की। शतक बनाने के बाद, कोंस्टस अंततः आकाश दीप की गेंद पर डीप में कैच आउट हो गए, जबकि जैकब्स को वाशिंगटन सुंदर ने 61 रन पर आउट कर पीएम 11 की पारी समाप्त कर दी।

## मेलबर्न रेनेगेड्स ने पहली बार जीता महिला बिग बैश लीग खिताब




मेलबर्न । मेलबर्न रेनेगेड्स ने रविवार को मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड पर बारिश से प्रभावित फाइनल में डीएलएस पद्धति के जरिए ब्रिसबेन हीट को सात रनों से हराकर अपना पहला महिला बिग बैश लीग (डब्ल्यूबीबीएल) खिताब जीता है। इस जीत के साथ रेनेगेड्स का सबसे निचले पायदान से चैंपियन बनने का परीकथा जैसा सफर पूरा हुआ। प्लेयर ऑफ द मैच हेले मैथ्यूज ने 61 गेंदों पर 69 रनों की पारी खेली, जिससे रेनेगेड्स ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 141/9 का स्कोर बनाया, जिसके बाद जॉर्जिया वेयरहैम (21) और नाओमी स्टेलेनबर्ग (16) ने योगदान दिया, लेकिन 30 मिनट की बारिश के कारण हीट का लक्ष्य 12 ओवर में 98 रन रह गया। डब्ल्यूबीबीएल फाइनल में सर्वोच्च व्यक्तिगत स्कोर बनाने के बाद, हेले ने एक ओवर में दो विकेट चटकाए, जिससे हीट रन चेज के दौरान 37/5 पर लड़खड़ा गई, जिसमें ग्रेस हैरिस (0) और जेमिमा रोड्रिग्स (1) का विकेट भी जल्दी-जल्दी गिरना शामिल था। कप्तान जेस जोनासेन की 28 गेंदों पर नाबाद 44 रनों की पारी ने हीट को मुकाबले में बनाए रखा, लेकिन रेनेगेड्स ने पिछले साल अंक तालिका में सबसे निचले स्थान पर रहने के बाद अपना पहला डब्ल्यूबीबीएल खिताब जीतने के लिए संघर्ष किया, 5844 प्रशंसकों के सामने, जो इस सीजन में स्टेडियम में सबसे अधिक भीड़ थी। हेले को निस्संदेह उनके हरफनमौला प्रदर्शन के लिए प्लेयर ऑफ द फाइनल चुना गया। एमसीजी में इस सीजन की सबसे बड़ी भीड़ के सामने अपना पहला डब्ल्यूबीबीएल खिताब जीतने पर मेलबर्न रेनेगेड्स को बधाई। आज के फाइनल ने डब्ल्यूबीबीएल के शानदार दसवें संस्करण का समापन किया, जिसमें औसत दर्शकों और उपस्थिति में वृद्धि ने विश्व स्तरीय क्रिकेट को दर्शाया। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया के कार्यकारी महाप्रबंधक, बिग बैश लीग्स, एलिस्टेयर डॉब्सन ने कहा, हम वेबर डब्ल्यूबीबीएल 10 को इतना यादगार बनाने वाले सभी लोगों का धन्यवाद करते हैं, जिसमें हमारे क्लब, खिलाड़ी, प्रसारक, साझेदार और आयोजन स्थल शामिल हैं, और दो सप्ताह के समय में बीबीएल 14 सीजन की शुरुआत का इंतजार कर रहे हैं। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया (सीए) ने यह भी कहा कि डब्ल्यूबीबीएल की पहली प्लेयर मूवमेंट विंडो सोमवार से 10 दिनों के लिए सुबह 9ः00 बजे खुलेगी। इसमें कहा गया है कि विंडो के दौरान, क्लब ए) किसी खिलाड़ी को दूसरे क्लब के साथ ट्रेड कर सकते हैं, बी) किसी दूसरे क्लब से किसी ऐसे खिलाड़ी को साइन कर सकते हैं जो अपने मौजूदा अनुबंध के अंतिम वर्ष में है, या सी) खिलाड़ी ट्रेड के हिस्से के रूप में या उससे स्वतंत्र रूप से ओवरसीज प्लेयर ड्राफ्ट पोजीशन को ट्रेड कर सकते हैं। क्लब ऐसा नहीं कर सकते विंडो के दौरान मौजूदा खिलाड़ियों के अनुबंधों को बढ़ाया जा सकता है, जिसमें वे खिलाड़ी भी शामिल हैं जो अपने मौजूदा अनुबंध के अंतिम वर्ष में हैं। ये अनुबंध केवल तभी बढ़ाए जा सकते हैं जब 2025 में अनुबंध प्रतिबंध हट जाए। सीए ने निष्कर्ष निकाला, विंडो के पूरा होने पर डब्ल्यूबीबीएल क्लब अपनी सूची में अधिकतम 10 खिलाड़ी रख सकते हैं। कोई भी पूर्व-हस्ताक्षरित अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी इस अधिकतम सूची आकार में गिना जाता है।

## हर रोड डिवाइडर पर पानी से भरे रोड क्रैश बैरियर रखे जाए- सोनू सूद

मुंबई । बॉलीवुड एक्टर सोनू सूद ने रोजाना होने वाले सड़क हादसों पर अपनी चिंता व्यक्त की और साथ ही मुंबई में एक युवक की रोड एक्सीडेंट में हुई मौत पर भी दुख व्यक्त किया। सोनू सूद ने एक्स अकाउंट पर वॉटर फिल्ड रोड क्रैश बैरियर की फोटो का इस्तेमाल करते हुए लिखा, मुझे मुंबई में रोड डिवाइडर से टकराकर जान गंवाने वाले एक युवक के बारे में सुनकर दुख हुआ। मुझे लगता है कि अगर हमारे देश में हर रोड डिवाइडर पर इस तरह के पानी से भरे रोड क्रैश बैरियर रखे जाएं, तो हम लाखों जानें बचा सकते हैं। इसे हर रोड कॉन्ट्रैक्ट में जरूरी बनाना चाहिए। जय हिंद. बता दें, बीते दिन खबर सामने आई थी कि डायरेक्टर अश्विनी धर के बेटे जलज की कार एक्सीडेंट में मौत हो गई। बताया जा रहा था कि जलज अपने तीन दोस्तों साहिल मेंधा, सार्थ कौशिक और जेडन जिमी के साथ कार ड्राइविंग पर निकले थे। जहां साहिल और जेडन फ्रंट सीट पर बैठे थे, वहीं अश्विनी धीर के बेटे जलज और उनके एक और दोस्त सार्थ बैक सीट पर थे। कहा जा रहा है कि ड्राइव कर रहे 18 साल के साहिल ने ड्राइविंग करते हुए ड्रिंक की हुई थी, इसकी वजह से उन्होंने मुंबई के विले पार्ले में मौजूद सहारा होटल के पास बने डिवाइडर पर ही कार चढ़ा दी, जिसमें दो लोगों की मौत हो गई और दो घायल हो गए। बता दें कि देश में आए दिन सड़क हादसों के मामले सामने आए रहते हैं, जिसमें तो कई लोग अपनी जान भी गंवा देते हैं, या फिर हमेशा के लिए अपंग हो जाते हैं।

## वनवास के ग्रैंड ट्रेलर लॉन्च में होंगे शामिल सनी देओल




मुंबई । बॉलीवुड के माचो हीरो सनी देओल फिल्म वनवास के ग्रैंड ट्रेलर लॉन्च में शामिल हो सकते हैं। बॉलीवुड में चर्चा है कि सनी देओल दिग्गज फिल्मकार अनिल शर्मा की फिल्म वनवास के ग्रैंड ट्रेलर लॉन्च इवेंट में शिरकत करने वाले हैं। चर्चा है कि इस इवेंट में सनी देओल एक स्पेशल गेस्ट के रूप में मौजूद रहेंगे।अनिल शर्मा के साथ परिवार जैसे रिश्तों के कारण सनी देओल इस इवेंट में गेस्ट के तौर पर शिरकत करेंगे। वनवास का ट्रेलर 02 दिसंबर को मुंबई में लांच किया जायेगा। वनवास, ज़ी स्टूडियोज द्वारा समर्थित और अनिल शर्मा द्वारा निर्देशित की गई है।जी स्टूडियोज और अनिल शर्मा गदरः एक प्रेम कथा और गदर 2 जैसी फिल्मों में साथ काम कर चुके हैं, जो ब्लॉकबस्टर साबित हुई थीं। अब ये टीम अपनी तीसरी फिल्म वनवास के साथ दर्शकों को सरप्राइज़ करने के लिए तैयार है। अनिल शर्मा द्वारा लिखित, निर्मित और निर्देशित फिल्म वनवास 20 दिसंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। इस फिल्म में नाना पाटेकर, उत्कर्ष शर्मा और सिमरत कौर लीड रोल्स में हैं।

## इंग्लैंड ने न्यूजीलैंड को पहले टेस्ट में आठ विकेट से दी शिकस्त




क्राइस्टचर्च । हैरी ब्रूक (171) ब्राइडन कार्स (छह विकेट) और जेकब बेथेल (नाबाद 50) रनों के शानदार प्रदर्शन की बदौलत इंग्लैंड ने पहले टेस्ट मैच में रविवार को न्यूजीलैंड को आठ विकेट से शिकस्त दी। इंग्लैंड की टीम ने महज 12.4 ओवर में दो विकेट पर 104 रन के लक्ष्य को हासिल कर यह जीत दर्ज की। चौथे दिन इंग्लैंड के गेंदबाजों ने न्यूजीलैंड की पूरी टीम 254 रन पर समेट दिया था। डैरिल मिचेल (84), केन विलियमसन (61) रनों की पारी खेली। रचिन रविंद्र (24), नेथन स्मिथ (21) और ग्लेन फिलिप्स (19) रन बनाकर आउट हुए। इसके बाद इंग्लैंड को जीत के लिए 104 रनों का लक्ष्य मिला था। जिसे उसने दो विकेट खोकर हासिल कर लिया। इंग्लैंड की ओर से ब्रायडन कार्स ने 19.1 ओवर में 42 रन देकर छह विकेट लिये। क्रिस वोक्स को तीन विकेट मिले। गस ऐटकिंसन ने एक बल्लेबाज को आउट किया। इस जीत के साथ ही इंग्लैंड ने सबसे कम ओवरों में टेस्ट क्रिकेट में 100 से अधिक रनों के लक्ष्य को हासिल करने का विश्व रिकार्ड भी बना लिया है। इंग्लैंड के लिए जहां हैरी ब्रूक ने (171) रनों की शानदार शतकीय पारी खेली वहीं ब्रायडन कार्स ने पूरे मैच में 10 विकेट झटके। उन्होंने पहले पारी में 19 ओवर में 64 रन देकर चार विकेट लिए। वहीं दूसरी पारी में उन्होंने 19.1 ओवर में 42 रन देकर छह विकेट झटके। उन्हें बेहतरीन गेंदबाजी के लिए ‘प्लेयर ऑफ द मैच’ से नवाजा गया। इससे पहले न्यूजीलैंड ने पहली पारी में केन विलियमसन (93), कप्तान टॉम लेथम (47) और ग्लेन फिलिप्स (नाबाद 58) की शानदार पारियों की मदद से 348 रन बनाये थे। इसके बाद इंग्लैंड ने अपनी पहली पारी में हैरी ब्रूक (171), बेन स्टोक्स (80), गस ऐटकिंसन (48) और बेन डकेट (46) की बेहतरीन पारियों की मदद से499 का स्कोर खड़ा कर पहली पारी के आधार पर 151 रनों की बढ़त ली थी। न्यूजीलैंड की ओर से मैट हेनरी ने चार, नेथन स्मिथ तीन, टिम साउदी दो और विलियम ओरूर्क ने एक बल्लेबाज को आउट किया था। इंग्लैंड ने इस जीत के साथ ही तीन टेस्ट मैचों की सीरीज में 1-0 से बढ़त बना ली हैं। वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप में भारत को मिला फायदा वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप 2023-25 के फाइनल की रेस फिलहाल पांच टीमों के बीच जंग है। भारत, ऑस्ट्रेलिया, साउथ अफ्रीका, श्रीलंका और न्यूजीलैंड ङ्खञ्जष्ट फाइनल के सबसे बड़े दावेदार हैं। इंग्लैंड के हाथों मिली हार से न्यूजीलैंड को टेबल में रैंकिंग पर कोई नुकसान नहीं हुआ, न्यूजीलैंड चार नंबर पर ही बरकरार रही। वहीं टीम इंडिया को इससे बड़ा फायदा हो सकता है। हाल ही में टीम इंडिया ने ऑस्ट्रेलिया को पर्थ टेस्ट में हराकर प्वॉइंट्स टेबल में पहला स्थान हासिल किया था। वहीं साउथ अफ्रीका ने श्रीलंका को हराया और ऑस्ट्रेलिया को पछाड़कर सीधे नंबर 2 पर है। जबकि नंबर 3 पर ऑस्ट्रेलिया की टीम है।

## दिसंबर के पहले दिन सस्ता हुआ सोना, चांदी में कोई बदलाव नहीं

नई दिल्ली । दिसंबर के पहले दिन ही घरेलू सर्राफा बाजार में आज सोने के भाव में मामूली गिरावट आई है। हालांकि चांदी के भाव में आज कोई बदलाव नहीं हुआ है। आज के कारोबार में सोना 100 रुपये से 110 रुपये प्रति 10 ग्राम तक सस्ता हुआ है। भाव में आई इस गिरावट के कारण देश के ज्यादातर सर्राफा बाजारों में 24 कैरेट सोना आज 78,150 रुपये से लेकर 78,000 रुपये प्रति 10 ग्राम के दायरे में कारोबार कर रहा है। इसी तरह 22 कैरेट सोना 71,650 रुपये से लेकर 71,500 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बना हुआ है। चांदी के भाव बदलाव नहीं होने के कारण दिल्ली सर्राफा बाजार में इसकी कीमत आज भी 91,500 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर बनी हुई है। देश की राजधानी दिल्ली में 24 कैरेट सोना आज 78,150 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 71,650 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। वहीं, देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में 24 कैरेट सोना 78,000 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 71,500 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह अहमदाबाद में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 78,050 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 71,550 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। इन प्रमुख शहरों के अलावा चेन्नई में 24 कैरेट सोना आज 78,000 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर और 22 कैरेट सोना 71,500 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर बिक रहा है। इसी तरह कोलकाता में भी 24 कैरेट सोना 78,000 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 71,500 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। लखनऊ के सर्राफा बाजार में 24 कैरेट सोना आज 78,150 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर और 22 कैरेट सोना 71,650 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। वहीं, पटना में 24 कैरेट सोने की कीमत 78,050 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गई है, जबकि 22 कैरेट सोना 71,550 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है।

इसी तरह जयपुर में 24 कैरेट सोना 78,150 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 71,650 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। देश के अन्य राज्यों की तरह कर्नाटक, तेलंगाना और ओडिशा के सर्राफा बाजार में भी आज सोना सस्ता हुआ है। इन तीनों राज्यों की राजधानियों बेंगलुरु, हैदराबाद और भुवनेश्वर में 24 कैरेट सोना आज 78,000 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। इसी तरह इन तीनों शहरों के सर्राफा बाजारों में 22 कैरेट सोना 71,500 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है।

स्वामी,मुद्रक,प्रकाशक संपादक दीपक शर्मा द्वारा वत्स ऑफ़सेट मुद्दा हॉउस, प्रिंटर्स प्रेस सी -ब्लॉक बारात घर रघुनाथपुर सेक्टर -22 नोएडा से मुद्रित एवं ग्राम पोस्ट शेखपुर थाना बाबूगढ़ हापुड़ से प्रकाशित। आर एन आई नंबर UPHIN/2020/86789 मो. 9953840820, ईमेल आईडी ujalahiteshie&press@gmail.com किसी भी विवाद का न्याय हापुड़ स्थित न्यायालय में होगा।

## भाजपा के क्षेत्रीय मंत्री का किया गया जोरदार स्वागत




उजाला हितैषी एक्सप्रेस

शिकारपुर। तहसील क्षेत्र में भाजपा के क्षेत्रीय मंत्री पंडित आशीष वत्स, का हुआ जोरदार स्वागत जिसमें पहासू ब्लॉक के गांव नारू, कमौना, असगरपुर, किरतपुर, अहमदगढ़, शिकारपुर क्षेत्र के गांव अजनारा, बनवारीपुर, नगर में कार्यकर्ताओं वह गांव के ही सम्मानित लोगों द्वारा जोरदार स्वागत किया गया जिनमें क्षेत्र के लवकुश पंडित, तरुण शर्मा, चन्द्र मोहन शर्मा, प्रदीप शर्मा, विवेक सिंह दरियापुर वाले, अजय कश्यप, दिनेश कुमार, पप्पू सैनी, आदि लोग मौजूद रहे ।

## कुंवरपुर समिति के प्रभारी सचिव का बड़े धूमधाम से विदाई समारोह हुआ



उजाला हितैषी एक्सप्रेस

शिकारपुर । पहासू सोमवीर सिंह प्रभारी सचिव बी पेक्स कुंवरपुर की अपनी अधिवर्षता आयु पूर्ण कर सेवा निवृत्त होने पर समिति प्रांगण में विदाई समारोह बड़े धूमधाम से किया गया सभापति सुदर्शन सिंह राघव बी पेक्स कुंवरपुर मंजू जादौन ने फूल माला एवं शोल तस्वीर भेंट कर जोरदार स्वागत किया गया और शाखा प्रबंधक दीपक शर्मा उपस्थित एवन चौधरी सचिव जिला अध्यक्ष सोहन लाल सिंह सचिव बी पेक्स छतारी एवं कमौना राकेश चौधरी बी पेक्स चौढेरा एवं कुंवरपुर धर्मेंद्र सिंह चौहान आंकिक बी पेक्स कुंवरपुर लोकेश शर्मा आंकिक अरविंद शर्मा आंकिक विशाल गुप्ता सचिव सुभाष शर्मा सचिव रमेश शर्मा पूर्व सचिव रोहित शर्मा छतारी अशोक शर्मा बनवारी लाल शर्मा सचिव नरौरा महेश शर्मा सचिव बलवीर सिंह सचिव प्रदीप तोमर सचिव शिवकुमार गिरी दिनेश शर्मा बी पेक्स चौढेरा श्याम सुंदर शर्मा बी पेक्स चौढेरा सभी समिति सचिव एवं कर्मचारी विदाई समारोह में उपस्थित हुए और धूमधाम से विदाई समारोह किया गया ।

## वीआईएमटी कॉलेज में विद्यार्थियों को बांटे गए मोबाइल




उजाला हितैषी एक्सप्रेस

बुलंदशहर। शनिवार को VIMT (वैभव इंस्टीट्यूट आफ मैनेजमेंट टेक्नोलॉजी) कॉलेज में योगी सरकार द्वारा निर्धारित स्मार्टफोन वितरण कार्यक्रम आयोजित कर विद्यार्थियों को स्मार्टफोन वितरित किए गए कार्यक्रम में मुख्य अतिथि लोकप्रिय सदर विधायक प्रदीप चौधरी रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता चेरमेन चमन लाल शर्मा जी अर्चना शर्मा जी ने की एवं कुशल संचालन परमानंद कौशिक ने किया। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि प्रियतम कुमार प्रेम जिला उपाध्यक्ष व्यापारी सुरक्षा फॉर्म/क्षेत्रीय अध्यक्ष अखिल भारतीय हिंदू सेवा दल) अभिनव वर्मा राष्ट्रीय युवा महामंत्री स्वर्णकार समाज, आईपी कॉलेज के प्रोफेसर होशियार सिंह भाटी, नरेंद्र शर्मा प्रधानाचार्य वीर खेड़ा इंटर कॉलेज, अरविंद पाठक वाइस प्रिंसिपल शिवचरण इंटर कॉलेज साथ रहे। मुख्य अतिथि सदर विधायक प्रदीप चौधरी जी ने बताया कि योगी सरकार द्वारा विद्यार्थियों को स्मार्टफोन वितरण योजना एक महत्वाकांक्षी योजनाओं में से एक है आज हमारा युवा शिक्षित होकर रोजगार ले रहा है और देश को मजबूत कर रहा है हमारी सरकार सबका साथ सबका विकास और सबके सम्मान के साथ अच्छा काम कर रही है। विशिष्ट अतिथि अभिनव वर्मा ने बताया आज शिक्षा के मंदिर में आयोजित इस कार्यक्रम में देश के आने वाले भविष्य की बुनियाद रखी जा रही है विद्यार्थी आने वाले देश का भविष्य होते हैं और युवा ही किसी देश की सबसे बड़ी शक्ति होती है आप सब शिक्षित होकर अच्छी नौकरी रोजगार के क्षेत्र में अच्छा कार्य करेंगे और देश की उन्नति के लिए हमेशा कार्य करते रहेंगे ऐसी मेरी सभी को शुभकामनाएं है। कार्यक्रम में प्रभाकर प्रतीक शर्मा कॉलेज का समस्त स्टाफ द्वारा सुंदर कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

## जिलापंचायत अध्यक्ष डॉ अंतुल तेवतिया की छवि खराब करने की विपक्षियों की साज़िश हुई बेनकाब

उजाला हितैषी एक्सप्रेस



बुलंदशहर। जिलापंचायत अध्यक्ष डॉ अंतुल तेवतिया को बदनाम व राजनीतिक छवि खराब करने के उद्देश्य से एक खबर प्रसारित की गई , जिसका खण्डन मानसी तेवतिया के द्वारा एक विडियो जारी कर किया गया मानसी तेवतिया ने कहा--कुछ समय पहले कुछ व्यक्तियों के द्वारा साजिश के तहत ऐसा माहौल बनाया गया जिस कारण हमारे परिवार के लोगों के बीच कुछ गलतफहमियां उत्पन्न हो गई थी। मेरी बुआजी डॉ अंतुल तेवतिया जिलापंचायत अध्यक्ष बुलंदशहर ने बहुत सूझ-बूझ के साथ सभी समस्याओं व गलतफहमियों का निस्तारण किया, उनके इस सार्थक प्रयास से अब हमारे संबंध मेरे मौसाजी विनोद चौधरी मेरे फूफाजी अजीत पाल प्रधान जी और मेरे दूसरे फूफाजी धर्मपाल जी प्रमुख व मेरे जीजाजी विनीत चौधरी के साथ मधुर हो गए हैं अब हमारे समस्त परिवार फिर से एक हो गया है और परिजनों में खुशी का माहौल है हम सब लोग बहुत खुश है। जिसके लिए हमारा समस्त परिवार डॉ अंतुल तेवतिया जी का आभार व्यक्त करता है परिवार को एकजुट कर खुशियां लाने के लिए हार्दिक धन्यवाद करता है।

## राष्ट्रीय युवा दिवस पर मिलेगा प्रधानमंत्री मोदी के समक्ष विचार रखने का मौका- आकर्ष दीक्षित

उजाला हितैषी एक्सप्रेस

बुलंदशहर। युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय द्वारा माय भारत इनिसिएटिव के माध्यम से विकसित भारत यंग लीडर्स डायलॉग कार्यक्रम का आयोजन 25 नवंबर से माय भारत पोर्टल पर आयोजित किया जाएगा। देशभर से चुने हुए युवाओं को राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से रूबरू होने का मौका मिलेगा । नेहरू युवा केंद्र बुलंदशहर के जिला युवा अधिकारी आकर्ष दीक्षित ने बताया कि हाल ही में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा विकसित भारत के निर्माण में युवाओं के अग्रणी भूमिका की वकालत की थी, इस विचार को लेकर युवाओं को विकसित भारत की भविष्य योजना पूरा करने की दिशा में अपने विचार और दृष्टिकोण प्रस्तुत करने का मौका दिया जाएगा, युवाओं के लिए सबसे प्रमुख आकर्षण प्रधानमंत्री से सीधे बातचीत करने और भारत का भविष्य गढ़ने में अपने विचार शामिल करने का अवसर होगा। इसे राजनीति और नागरिक जीवन में युवाओं के भागीदारी बढ़ेगी । इस कार्यक्रम के अंतर्गत युवाओं को चार चरणों में आयोजित होने वाली




प्रतियोगिता में भाग लेना होगा। पहला चरण- विकसित भारत प्रश्नोत्तरी- इसके अंतर्गत मेरा युवा भारत प्लेटफार्म पर 25 नवंबर 2024 से 5 दिसंबर 2024 तक आयोजित होने वाली डिजिटल क्विज में 15 वर्ष से 29 वर्ष की आयु की वह भाग लेंगे। इसमें प्रतिभागियों के ज्ञान और भारत के उल्लेखनीय उपलब्धियां के बारे में उनकी जानकारी की परीक्षा होगी । दूसरा चरण -निबंध और ब्लॉक लेखन- इसमें पिछले चरण की विजेता लगभग 10 चुने गए विषयों जैसे विकसित भारत भारत के लिए तकनीक, विकसित भारत के लिए युवा को सशक्त बनाना आदि पर निबंध प्रस्तुत करेंगे, जिसमें राष्ट्रीय विकास के प्रति उनके विचार परिलक्षित होंगे। यह प्रतियोगिता माय भारत पोर्टल पर आयोजित की जाएगी । तीसरा चरण- विकसित भारत विजन पिच डेस्क- राज्य स्तरीय प्रस्तुतियां- दूसरे चरण में उत्तीर्ण होने वाले प्रतिभागी राज्य स्तर पर चुने हुए विषयों पर अपने विचार प्रस्तुत करेंगे ।

उनकी प्रस्तुतियों के माध्यम से प्रत्येक राज्य राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में भाग लेने हेतु प्रतिभागियों के चयन के लिए विभिन्न विषयों पर टीमों का गठन करेगा। चौथा चरण- भारत मंडपम में विकसित भारत राष्ट्रीय चैंपियनशिप -विभिन्न थीम आधारित राज्य स्तरीय टीम में 11 और 12 जनवरी 2025 को राष्ट्रीय युवा महोत्सव प्रतिस्पर्धा में भाग लेंगी। विजेता टीमें प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी की समक्ष विकसित भारत के निर्माण पर अपने दृष्टिकोण और विचार प्रस्तुत करेंगे।

## लोगों को मानसिक स्वास्थ्य के प्रति किया जागरूक

- सीएचसी पहासू पर हुआ मानसिक स्वास्थ्य शिविर का आयोजन
- जांच के उपरांत मरीजों को बांटी दवाई और दिव्यांग प्रमाण पत्र

उजाला हितैषी एक्सप्रेस




बुलंदशहर । राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहासू सभागार में मानसिक स्वास्थ्य शिविर का आयोजन हुआ। शिविर में विशेषज्ञ मनोचिकित्सक ने लोगों को मानसिक रोग के लक्षणों और इससे बचाव के बारे में विस्तृत जानकारी दी। शिविर में मरीजों को जांच के उपरांत दवा उपलब्ध कराई गई। लोगों को मानसिक स्वास्थ्य से बचाव के बारे में जानकारी दी। पहासू के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सभागार में शनिवार को मानसिक स्वास्थ्य शिविर का शुभारंभ अधीक्षक डा. मनोज कुमार, डा रवि शर्मा, मंडल अध्यक्ष कुलदीप सिंह, सांसद प्रतिनिधि मनोज गर्ग ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। मानसिक स्वास्थ्य शिविर को संबोधित करते हुए अधीक्षक डा मनोज कुमार ने कहा लोगों को मानसिक स्वास्थ्य के प्रति अधिक जागरूक होने की आवश्यकता है। आज हर घर में कोई न कोई, किसी न किसी कारण तनाव में है। तनाव में रहने से समस्याएं बढ़ती हैं। समस्या बहुत साधारण स्तर से शुरू होकर बाद में जटिल मानसिक रोग का रूप ले लेती है। ऐसी समस्याओं को प्राथमिक स्तर पर काउंसलिंग या योग के माध्यम से आसानी से दूर किया जा सकता है। मानसिक रोगों से बचने के लिए जीवन-शैली में सुधार लाने और नियमित रूप से योग को अपनाने की जरूरत है। शिविर में 253 मरीजों की स्क्रीनिंग हुई। जिसके 53 मरीजों को दवाई का वितरण करते हुए 3 को मानसिक दिव्यांगता प्रमाण पत्र दिया गए। जिला मानसिक स्वास्थ्य इकाई से सुनील कुमार, विकास कुमार, मनवीर सिंह, संतोष कुमार यादव एवं अनामिका मौजूद रही। कार्यक्रम के नोडल डा. रमित कुमार ने कहा कि हमारा वह व्यवहार जिससे हम पर, हमारे परिवार और समाज पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है, वह मानसिक रोग है। मानसिक रोग से मनुष्य की दिनचर्या अव्यवस्थित हो जाती है। हमारे समाज में आज भी 80 प्रतिशत लोग मानसिक रोग से ग्रसित हैं, जिन्हें हम देख नहीं पाते इन्हें न्यूरोट्रिक कहते हैं। नींद न आना, बेचैनी, उलझन, हताशा, अत्याधिक क्रोध, आशंका, एक ही कार्य बार-बार करना आदि मानसिक रोग के प्रमुख लक्षण हैं। ऐसे किसी भी लक्षण के होने पर झाड़-फूंक के चक्कर में न पड़कर तत्काल मनोचिकित्सक से सलाह लें। डा रमित कुमार ने बताया कि जनपद के जिला अस्पताल में प्रत्येक सोमवार, बुधवार और शुक्रवार को और खुर्जा के एसएस जटिया अस्पताल में मंगलवार और शनिवार को मानसिक स्वास्थ्य की ओपीडी होती है।

यहां राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम की टीम की ओर से काउंसलिंग, सलाह व उपचार उपलब्ध कराया जाता है।

## आरोग्य मेले में 52 मरीजों को मिला उपचार

उजाला हितैषी एक्सप्रेस

नरसेना । क्षेत्र के दौलतपुर कलां में स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर मुख्यमंत्री आरोग्य मेला आयोजित हुआ। मेले में मरीजों की जांच की गई। रविवार को क्षेत्र के दौलतपुर कलां में स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर आयोजित आरोग्य मेले में सुबह से ही मरीजों का पहुंचना शुरू हो गया था। डाक्टर जुबेर अहमद ने बताया कि मेले में पहुंचने वाले 52 मरीजों की जांच की और सभी मरीजो को दवा दी गई। मेले में ज्यादातर मरीज नजला, खांसी और वायरल बुखार के आए।



## राज्य स्तरीय शैक्षिक नवाचार कार्यशाला का हुआ आयोजन




उजाला हितैषी एक्सप्रेस

शिकारपुर। शैक्षिक नवाचार एसोसिएशन उत्तर प्रदेश। राज्य स्तरीय शैक्षिक नवाचार कार्यशाला विषय संस्कृत के लिए मेरठ नगर के हनुमान चौक के पास चेम्बर भवन में एक विशाल सम्मेलन हुआ। जिसमें प्रदेश के परिषदीय शिक्षकों ने प्रतिभाग किया। वर्तमान में संस्कृत का किस प्रकार जन जन की भाषा बना सकते है। विद्वानों ने अपने अपने सुझाव रखे।

## राष्ट्रीय अध्यक्ष ओमपाल सिंह भाटी ने आरती दक्ष को नियुक्ति देकर किया सम्मानित

उजाला हितैषी एक्सप्रेस

बुलंदशहर। गौतमबुद्धनगर किसान यूनियन के अनेक संगठन किसान हित में कार्य कर रहे जिसमें किसान, मजदूर एवं महिलाओं की समस्याओं को दूर करने में भारतीय किसान यूनियन पथिक सबसे आगे है। अनेक किसान संगठन के विस्तार की भांति भारतीय किसान यूनियन पथिक ने भी संगठन का विस्तार कर संगठन को मजबूत करने का कार्य किया। जिसमें महिलाओं ने बढ़-चढ़कर कार्यक्रम में भाग लेते हुए सदस्यता ग्रहण की। जिन्हें राष्ट्रीय अध्यक्ष द्वारा नियुक्ति पत्र देते हुए सम्मानित किया गया। जिन्होंने संगठन को मजबूत बनाने एवं किसान मजदूर और महिलाओं की समस्याओं को दूर करने की प्रतिज्ञा ली। बता दें कि डैफोडिल पब्लिक स्कूल गौतमबुद्धनगर में भारतीय किसान यूनियन पथिक के



राष्ट्रीय अध्यक्ष ओमपाल सिंह भाटी के नेतृत्व में अनेक पदाधिकारी द्वारा द्वारा एक बैठक का आयोजन किया जिसकी अध्यक्षता राष्ट्रीय अध्यक्ष ओमपाल सिंह भाटी एवं संचालन गौतमबुद्धनगर जिला अध्यक्ष सौरभ मावी द्वारा किया गया। संगठन विस्तार कार्यक्रम में सैकड़ो लोगों ने बढ-चढ़कर लिया भाग। कार्यक्रम में राष्ट्रीय अध्यक्ष ओमपाल सिंह भाटी का फूलमाला पहनकर किया जोरदार स्वागत। राष्ट्रीय अध्यक्ष ओमपाल सिंह भाटी द्वारा आरती दक्ष को गौतम बुद्ध नगर महिला मोर्चा का जिला अध्यक्ष नियुक्त किया गया और उन्हें नियुक्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया जिसमें अनेक पदाधिकारी द्वारा हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी गई। आरती दक्ष द्वारा सैकड़ो महिलाओं के साथ भारतीय किसान यूनियन पथिक की सदस्यता ग्रहण की। जिन्होंने महिला किसान एवं मजदूर की अनेक समस्याओं को दूर करने की एवं संगठन को मजबूत बनाने की प्रतिज्ञा ली। जिससे संगठन को ऊंचाइयों तक पहुंचा जा सके। महिलाओं एवं किसानों की अनेक समस्याओं को दूर कराने हेतु शीघ्र ही कराई जाएगी एक विशाल पंचायत,सरकार द्वारा किसानों की भूमि अधिग्रहण करने पर शीघ्र दिलाए जाएगा मुआवजा। किसी का नहीं होने दिया जाएगा शोषण। प्रदेश अध्यक्ष सहित जिला अध्यक्ष एवं अन्य पदाधिकारी ने रखें विचार। कार्यक्रम में पिंकी किरण मीनू नीतू मीना पूजा अन्नु रेनू ममता अनुपम शारदा मनोज राहुल बबलू राजकुमार शशिकांत रोहित शेखर एवं अन्य दर्जनों लोगों ने भारतीय किसान यूनियन पथिक की सदस्यता ग्रहण की। जिसमें सैकड़ो लोगों ने उपस्थिति दर्ज कराकर सभी नवनियुक्त पदाधिकारीयों को बधाई दी।

## कोतवाली प्रभारी, कस्बा इंचार्ज, ने नगर में किया पैदल गश्त जनता को कराया सुरक्षा का अहसास - प्रखर पाण्डेय

उजाला हितैषी एक्सप्रेस

शिकारपुर । कोतवाली प्रभारी निरीक्षक प्रखर पाण्डेय, कस्बा इंचार्ज आदेश कुमार, ने नगर में पैदल गश्त कर सुरक्षा का अहसास कराया भीड़भाड़ वाली जगहों पर मिले संदिग्धों से पूछताछ कर चेतावनी दी मातहतों को निर्देश दिया कि शाम के समय निश्चित रूप से पैदल गश्त कर सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद बनाएं अराजक तत्वों पर शिकंजा कसा जा सके पैदल गश्त कोतवाली परिसर से निकल मुख्य बाजार होते हुए बर्फ चौराहा भीड़भाड़ वाली जगहों पर संदिग्धों को रोक कड़ी पूछताछ की दुकानदारों से आह्वान किया कि अपने आसपास किसी भी तरह की संदिग्ध गतिविधि दिखाई दे तो इसकी सूचना तत्काल पुलिस को दें कानून व्यवस्था को और मजबूत बनाने



के लिए नगर व बाजार में पैदल गश्त अभियान चलाया जा रहा है कोतवाली प्रभारी निरीक्षक प्रखर पाण्डेय, कस्बा इंचार्ज आदेश कुमार, ने व्यापारियों से अपील की अपने-अपने प्रतिष्ठानों पर सीसीटीवी कैमरे लगवायें जिससे अपराध होने पर जरूरी मदद मिल सके नगर के प्रमुख मन्दिरों पर पहुंचें कोतवाली प्रभारी निरीक्षक प्रखर पाण्डेय, कस्बा इंचार्ज आदेश कुमार, ने सुरक्षा व्यवस्था की जानकारी ली श्रद्धालुओं की सुरक्षा को लेकर पुलिस पूरी तरह मुस्तैद है प्रमुख मन्दिरों पर पुलिसकर्मियों की दिन-रात ड्यूटी लगाई गई है आसपास एंटी रोमियो स्क्काड का मूवमेंट बढ़ा दिया गया है ताकि महिलाओं के साथ छेड़छाड़ जैसी घटनाएं न हों अराजक तत्वों को चिन्हित कर उन पर नजर रखी जा रही व्यवस्था में बाधा आने पर इनके विरुद्ध सख्त कार्रवाई होगी और ये जेल भेज जाएंगे कोतवाली प्रभारी निरीक्षक प्रखर पाण्डेय, सिटी इंचार्ज आदेश कुमार, एस आई दिप्ती यादव, एस आई विजय सिंह, एस आई चन्द्रपाल सिंह, सहित भारी पुलिस फोर्स मौजूद रहा ।

## संदिग्ध परिस्थितियों में खाई में मिला युवक का शव

उजाला हितैषी एक्सप्रेस

खानपुर । थाना क्षेत्र में सड़क किनारे खाई में संदिग्ध परिस्थितियों में एक युवक का शव पड़ा मिला। पास में ही उसकी क्षतिग्रस्त बाइक भी पड़ी हुई थी। लोगों ने शव देखा तो जानकारी पुलिस को दी। पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज है। जानकारी के अनुसार बहादुरगढ़ थाना क्षेत्र के मौहल्ला कृष्णा नगर निवासी 22 वर्षीय लोकेश पुत्र प्रदीप शनिवार को खानपुर थाना क्षेत्र के पाली प्रतापपुर गांव में अपनी मौसी के घर माता रानी के जागरण में शामिल होना गया था। खानपुर- लखावटी रोड पर पाली प्रतापपुर गांव से पहले खाई में उसका शव पड़ा मिला। रविवार की सुबह कुछ युवक वहां से गुजर रहे, उनकी नजर युवक के शव पर पड़ी। इसकी जानकारी आसपास के लोगों को दी। ग्रामीणों ने घटना की सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंच कर पुलिस कर्मियों ने स्थानीय लोगों के साथ मिलकर खाई से शव को बाहर निकाला। पुलिस ने छानबीन करने व लोगों



से पूछताछ के आधार पर इसकी युवक की शिनाख्त हो सकी। प्रभारी निरीक्षक यज्ञदत्त शर्मा का कहना है कि खाई में एक युवक का संदिग्ध परिस्थितियों में शव मिलने की सूचना प्राप्त हुई थी। युवक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। फोटो कैप्शन-खाई में पड़े युवक के शव के आसपास लोगों की भीड़ एकत्रित

## राज्य स्तरीय चिकित्सा सम्मेलन में आई एम ए बुलंदशहर के चिकित्सकों को सम्मान, बढ़ाया बुलंदशहर का मान

उजाला हितैषी एक्सप्रेस

बुलंदशहर । दिनांक 30 नवंबर एवं 1 दिसंबर 2024 में ग़ाज़ियाबाद में प्रदेश स्तरीय दो दिवसीय चिकित्सक सम्मेलन का आयोजन हुआ जिसमे पूरे प्रदेश से 500 से ज़्यादा चिकित्सकों ने भाग लिया । इसमें आई एम ए बुलंदशहर के चिकित्सकों ने भी प्रतिभाग किया ।




इसमें आई एम ए बुलंदशहर के अध्यक्ष डॉ एस के गोयल को प्रेसिडेंट एप्रिसिएशन अवार्ड से , आईएमए सचिव डॉ मुदित कुमार गुप्ता को प्रदेश की समस्त ब्रांचों में सर्वश्रेष्ठ सचिव के अवार्ड से एवम उपाध्यक्ष डॉ वंदना को सर्वश्रेष्ठ महिला चिकित्सक के सम्मान से सम्मानित किया गया ।इसमें बुलंदशहर ब्रांच द्वारा जून में आयोजित हुई दो दिवसीय कार्यशाला जिसके ऑर्गनाइजिंग चेयरमैन डॉ वीरेंद्र कुमार ऑर्गनाइजिंग सेक्रेटरी डॉ मुदित कुमार गुप्ता कांफ्रेंस चेयरमैन डॉ एस के गोयल कांफ्रेंस सेक्रेटरी डॉ वंदना को पूरे वर्ष प्रदेश में आयोजित हुई कार्यशालाओं में सर्वश्रेष्ठ कार्यशाला के अवार्ड से सम्मानित किया गया हैं ।इसमें उत्तर प्रदेश आईएमए के चुनाव के परिणाम भी घोषित हुए जिसमें बुलंदशहर आईएमए के सरंक्षक एवम पूर्व अध्यक्ष डॉ वीरेंद्र कुमार को उत्तर प्रदेश से राष्ट्रीय कार्यकारणी के सदस्य के लिए निर्वाचित किया गया है। इसके अलावा आईएमए बुलन्दशहर के अध्यक्ष डॉ एस के गोयल को उत्तर प्रदेश कार्यकारणी के सदस्य के लिए एवं सचिव डॉ मुदित कुमार गुप्ता को संयुक्त सचिव एचबीआई के लिए निर्वाचित किया गया । इस सम्मेलन में हमारे यशस्वी मुख्यमंत्री माननीय श्री योगी आदित्यनाथ जी के द्वारा चिकित्सा जगत में सहयोग एवं समर्थन के लिए धन्यवाद प्रस्ताव पास किया ।

## श्री हेल्थी विंग हॉस्पिटल में नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर का हुआ आयोजन

उजाला हितैषी एक्सप्रेस

बुलंदशहर। आज डीएम रोड स्थित श्री हेल्थी विंग हॉस्पिटल में नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया, जिसमे मुफ्त ओपीडी के साथ 20 परसेंट दवाओं पर छूट देने के साथ ओजोन थैरेपी का एक सीज़न फ्री दिया गया। कैम्प का समय सुबह 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक था। कैम्प में 57 हड्डी व मांसपेशी, 35 लोग पेट व छाती, 42 महिलाओं को नि:शुल्क जाँच कर दवाएं दी गईं। डॉ पुलकित जैन ने बताया कि कैंप हर महीने लगाया जाता है। इस कैंप में निशुल्क



सेवाएं दी जाती है। लोगों को हमारे श्री हेल्थ विंग हॉस्पिटल से काफी राहत मिलती है।

## ब्लॉक स्तरीय प्रतियोगिता में दधीच स्कूल रहा अव्वल



उजाला हितैषी एक्सप्रेस

बुलंदशहर। रामघाट ग्राम जरगवां में रामघाट रोड बॉर्डर पर स्थित दधीच मैमोरियल पब्लिक स्कूल में ई0संजय मेमोरियल सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था जिसमें दधीच स्कूल, ट्रेड इंटरनेशनल स्कूल , अमित ग्लोबल पब्लिक स्कूल,नगर पालिका इंटर कॉलेज, उत्तम इंटर कॉलेज,सरस्वती ज्ञान मंदिर,ज्ञान ज्योति पब्लिक स्कूल, मार्शल क्लासेस, सेंट मार्क स्कूल, आदि अतरौली ब्लॉक के लगभग 12 स्कूल के छात्र-छात्राओं ने भाग लिया।प्रतियोगिता प्राथमिक एवं जूनियर दो वर्गों में आयोजित की गई । प्रतियोगिता का आयोजन सेंट मार्क स्कूल अतरौली के प्रधानाचार्य ए0के0 गर्ग एवं अंजू गर्ग ने अपने भाई स्वर्गीय इंजीनियर संजय गर्ग के जन्म दिवस के अवसर पर किया। परिणाम घोषणा के उपरांत इस प्रतियोगिता में प्रथम द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागी छात्र-छात्राओं को अतरौली नगर पालिका अध्यक्ष श्री वीरेंद्र सिंह लोधी ने ट्रॉफी और प्रमाण पत्र देकर पुरस्कृत किया ।जिसमें दधीच स्कूल के जूनियर वर्ग के छात्र लव कुश राजपूत ने प्रतियोगिता में दोनों वर्गों में अधिकतम अंक प्राप्त कर सर्वोच्च स्थान प्राप्त किया और स्कूल का नाम रोशन किया। इस अवसर पर उपरोक्त सभी स्कूल के प्रबंधक,प्रधानाचार्य,शिक्षकगण एवं सम्मानित छात्र-छात्राओं के अभिभावकगण शामिल रहे।

## निशांत बने प्रखण्ड संयोजक एवं राहुल बने प्रखण्ड सत्संग प्रमुख

उजाला हितैषी एक्सप्रेस

बुलंदशहर। नरौरा विश्व हिंदू परिषद जिला अनूपशहर की जिला व सभी प्रखण्ड पदाधिकारियो की कार्यकारिणी बैठक का आयोजन हुआ। जिसके मुख्य वक्त बृजेश कुमार बुलन्दशहर मुरादाबाद संगठन मंत्री ने उपस्थित सभी लोगों को राष्ट्र सेवा एवं गौ सेवा करते रहने की अपील की। इस अवसर पर उपस्थित जिला अध्यक्ष डॉ. सुबोध ने नरौरा निवासी निशांत वशिष्ठ को बजरंग दल प्रखंड संयोजक एवं नरौरा निवासी राहुल भारद्वाज को प्रखण्ड सत्संग प्रमुख, बजरंग दल के पद पर मनोनीत किया। इस अवसर पर देवेंद्र वशिष्ठ, हुकुमपाल सिंह सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।



# बेखौफ शायर को मिला हिंदी भाषा भारती सम्मान



उजाला हितैषी एक्सप्रेस ब्यूरो

हापुड़। जापान टोक्यो की साहित्य संस्था हिंदी की गूंज ने दिल्ली में गांधी प्रतिष्ठान में एक भव्य आयोजन किया जिसमें लगभग दस साहित्यकारों की पुस्तकों का विमोचन हुआ तो वहीं वर्ल्ड रिकॉर्ड में चयनित मां जैसा कोई नही संकलन का विमोचन भी किया गया जिसमें देश-विदेश के लगभग पंद्रह देशो के साहित्यकार सम्मिलित हुए तो वहीं इस किताब में मुरादपुर की सागर कालोनी में रहने वाले जनकवि /बेखौफ शायर/लेखक डा.नरेश सागर की भी एक शानदार उपस्थिति दर्ज की गई। डा.नरेश सागर को हिंदी भाषा भारती सम्मान से सम्मानित किया जिसमें उनको साल उढाकर,माला पहनाकर,प्रमाण पत्र,मोमेंटो और मां जैसा कोई नही संस्मरण की एक पुस्तक भी भेंट की, इससे पहले भी डा.सागर को सात बार अंतरराष्ट्रीय मंचो से सम्मानित किया जा चुका है। कार्यक्रम की अध्यक्षता अंतरराष्ट्रीय कवि सुरेश नीरव ने किया,आयोजक डा.रमा पूर्णिमा शर्मा रही संचालन कविता गुप्ता व विनोद पांडेय जी ने किया मुख्य उपस्थिति प्रकाश निमराजे, ओमप्रकाश प्रजापति,डा.अनिता गौड, मनीषा जोशी,अंकित इंकलाब, आदि रहे कार्यक्रम की शोभा बढाने के लिए इन देशों के साहित्यकारों ने भी अपनी भूमिका निभाई।जापान, नीदरलैंड, इंगलैंड, रसिया,अमेरिका,नेपाल,वर्मा, अमेरिका,लंदन, मारिसस व इंडोनेशिया आदि के साहित्यकार सम्मिलित हुए।

# ट्रैफिक रुल का उल्लंघन करने वाले 5976 वाहनों के चालान कर चार लाख 65 हजार रुपए जुर्माना वसूला

उजाला हितैषी एक्सप्रेस
अमित कुमार

हापुड़। सड़क सुरक्षा माह नवम्बर 2024 का शनिवार को समापन हो गया। हापुड़ परिवहन विभाग व यातायात पुलिस के संयुक्त तत्वावधान में समापन समारोह एसएसवी इंटर कालेज हापुड़ में आयोजित किया। ट्रैफिक सीओ स्तुति सिंह ने छात्रों को सम्बोधित करते हुए कहा कि जब भी वाहन चलाएं, ट्रैफिक रुल का पालन अवश्य करें।

टीएसआई ओंकार सिंह सहरावत ने समापन समारोह में छात्र-छात्राओं को यातायात नियमों के पालन करने की शपथ दिलाई ओंकार सिंह सहरावत लगातार अभियान में लगे हुए हैं और कहा कि ट्रैफिक रुल का पालन करने में ही सभी की भलाई है। यातायात निरीक्षक ओमकार सिंह सहरावत ने बताया कि सड़क सुरक्षा माह में ट्रैफिक रुल का उल्लंघन करने वाले 5976 वाहनोंके चालान कर चार लाख 65 हजार रुपए जुर्माना वसूला गया। सर्वाधिक 1614 चालान बिना हेलमेट वालों के लिए गए। सड़क सुरक्षा माह के समापन समारोह में आर टी ओ छवि सिंह, पीटीए आशुतोष उपाध्याय, दानिश कुरैशी व विद्यालय प्रबंधक सुधीर अग्रवाल आदि उपस्थित थे।



# छात्रों को आग से निपटने के बारे में दी जानकारी



उजाला हितैषी एक्सप्रेस अमित कुमार

हापुड़ ।जनपद हापुड़ के बाबूगढ़ में स्थित पीएम श्री केवीएस बाबूगढ़ में शनिवार को दमकल विभाग द्वारा छात्रों को आग से निपटने के बारे में बताया गया। आग लगने की दिशा में किस तरह उस पर काबू पाया जा सकता है इसके बारे में छात्रों को अवगत कराया। इस दौरान ध्यान से छात्रों ने दमकल विभाग द्वारा दी गई जानकारी को सुना। आपको बता दें कि विद्यालय में शनिवार को दमकल विभाग की टीम पहुंची जिसने बताया कि आग लगने की दिशा में घबराएं नहीं बल्कि सूझबूझ के साथ आग पर काबू पाने का प्रयास करें और दमकल विभाग को मामले से अवगत कराएं जिसके बाद समय रहते आग पर काबू पाया जा सके। इस दौरान छात्रों व अध्यापकों ने बढ़कर हिस्सा लिया।

# शहीद कुलदीप पुनिया के दसवीं पुण्य तिथि पर परिवार जनो व ग्रामीण ने याद कर प्रतिमा पर श्रध्दासुमन अर्पित किए



उजाला हितैषी एक्सप्रेस अमित कुमार

हापुड़। एक दिसम्बर 2014 में छत्तीसगढ़ के सुकमा क्षेत्र के थाना चिंता गुफा में माओवादी हमले में मुकाबला करते शहीद हो गये। केंद्रीय सुरक्षा बल (सी आर पी एफ) के सिपाही जमालपुर निवासी कुलदीप पुनिया का गत वषो की भांति 10 वां बलिदान दिवस उनके परिवार माता श्रीमती ब्रहमवती देवी व पिता श्री धर्म पाल सिंह ने नहर किनारे स्थित शहीद प्रतिमा पर हवन का आयोजन कराकर व शहीद के चित्र के समक्ष पुष्प अर्पित करने के साथ ही शहीद प्रतिमा पर मालयार्पण कर श्रद्धांजलि दी। गुरुकुल पूठ के आचार्य श्री स्वामी अखिलानंद ने किया व संचालन पूर्व वायु सेना अधिकारी मनबीर सिंह द्वारा किया गया। इस अवसर पर सी आर पी एफ के सेवानिवृत्त डी आई जी प्रेम वीर सिंह राजौरा, सी आर पी एफ ग्रुप सेंटर ग्रेटर नोएडा से आये सब इंसपेक्टर श्रीराम सिंह, सिपाही प्रदीप कुमार, सजल सिकदर, पूर्व वायु सेना अधिकारी मनबीर सिंह- उपाध्यक्ष जिला सैनिक बंधु, कैप्टन राजेश चौधरी, सरदार राजेन्द्र सिंह, वायु सेना अधिकारी श्रीचंद शर्मा, कैप्टन राजेन्द्र सिंह, हवलदार शाहिद अली, कैप्टन गोपीचंद के साथ ही काफी संख्या में ग्राम व क्षेत्र वासी, मात्र शक्ति उपस्थित रहे। इस अवसर पर अपने सम्बोधन में मनबीर सिंह ने कहा कि यह दुख व खेद का विषय है कि प्रतिवर्ष शहीद दिवस पर ग्राम व क्षेत्रवासियों की उपस्थिति कम होती जा रही है। शहीद के पिता श्री धर्म पाल सिंह ने भी मार्मिक अपील करते हुए कहा कि अगर यही स्थिति रही तो शायद वह दिन न आ जाये कि मैं अकेला रह जाऊ।

# थाने में सेलिब्रेट हुआ इंस्पेक्टर देवेन्द्र सिंह बिष्ट का जन्मदिन, पुलिस स्टाफ ने मनाया जन्मदिन



उजाला हितैषी एक्सप्रेस ब्यूरो

हापुड़। धौलाना थाना धौलाना परिसर में थाना प्रभारी निरीक्षक देवेंद्र सिंह बिष्ट का 48 वां जन्मदिन पुलिस स्टाफ ने बड़ी धूमधाम के साथ मनाया।इस दौरान समस्त दौरान पुलिस स्टाफ ने इंस्पेक्टर देवेंद्र सिंह बिष्ट को उनके जन्म दिवस के मौके पर उन्हें ढेरों सारे उपहार भेंट किये व उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं दी।इस दौरान अतिरिक्त प्रभारी निरीक्षक ओमप्रकाश सिंह ने इंस्पेक्टर देवेन्द्र सिंह बिष्ट को जन्मदिन की शुभकामनाएं देते हुए उन्होंने कहा कि आने वाला प्रत्येक नया दिन उनके जीवन में अनेका सफलताएं एवं अपार खुशियां लेकर आएं।धौलाना थाना प्रभारी के जन्मदिन की सूचना पर धौलाना कस्बे के ग्राम प्रधान अतीक अहमद थाना प्रभारी के कार्यालय पर पहुंचकर उनके जन्मदिन का केक काटते हुए उन्हें मिठाई खिलाकर जन्मदिन की शुभकामनाएं एवं बधाई दी।साथ ही सोशल मीडिया पर उनके जन्मदिन की बधाई देने वालों का सिलसिला चलता रहा।इस दौरान कस्बा इंचार्ज शिवांग शेखर,एसएसआई विनोद कुमार, एसआई जब्बार अहमद, यूपीएसआईडीसी चौकी इंचार्ज पंकज शर्मा, देहरा चौकी इंचार्ज अश्वनी कुमार, एसआई सुधीर, एसआई कन्हैया यादव,एसआई सुधीर कुमार, हेड कांस्टेबल गौरव बघेल,सुमित यादव,भूपेंद्र चौधरी, अंकित यादव,भानु सिंह, संजीव कुमार सहित भारी पुलिस बल मौजूद रहा।

# जिला संयुक्त चिकित्सा में ब्लड बैंक का फीता काटकर किया शुभारम्भ - सांसद अरुण गोविल



उजाला हितैषी एक्सप्रेस ब्यूरो

हापुड़। जिला संयुक्त चिकित्सालय हापुड़ में स्थापित ब्लड बैंक का लोकार्पण मुख्य अतिथि मा0 सासंद अरूण गोविल के कर कमलों द्वारा किया गया। इस अवसर पर विशिष्ठ अतिथि विजयपाल सिंह आढती, सदर विधायक, हापुड़ भी उपस्थित रहे उद्घाटन के समय हिमांशु गौतम मुख्य विकास अधिकारी हापुड़, डा0 सुनील कुमार त्यागी, मुख्य चिकित्सा अधिकारी हापुड़, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक, जिला संयुक्त चिकित्सालय, हापुड़ मौजूद थे तथा साथ ही सांसद प्रतिनिधि विनोद कुमार गुप्ता एवं अन्य माननीयगण उपस्थित थे।इस अवसर पर हापुड़ मेरठ के सांसद ने अस्पताल की सफाई एवं ब्लड बैंक आदि चिकित्सा सुविधाओं की प्रशंसा की। जनपद हापुड़ के जिला संयुक्त चिकित्सालय में ब्लड बैंक के संचालन से रोगियों को ब्लड की व्यवस्था करने के लिए अन्य स्थानों पर भटकना नहीं पड़ेगा। माननीय सांसद जी ने लोकार्पण उपरान्त चिकित्सालय में रोगियों को फल वितरण किया। ब्लड की सुविधा शासन द्वारा निर्धारित नियमों एवं शुल्क में दी जायेगी। इस सुविधा से जनपद की जनता को लाभ मिलेगा। यह सुविधा उत्तर प्रदेश सरकार के स्वास्थ्य सेवाओं को विकसित करने के लिए की जा रही है।

# अंतर विद्यालय वाद- विवाद प्रतियोगिता में भविष्य पब्लिक स्कूल ने जीता दूसरा स्थान



उजाला हितैषी एक्सप्रेस ब्यूरो

हापुड़। पिलखुवा आर. के.जी इंटरनेशनल स्कूल ने अंतर विद्यालय हिंदी वाद विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया जिसमें वर्ग अ में कक्षा पांचवी से कक्षा सातवीं तक के विधार्थियों को विषय क्या सोशल मिडिया समाज में अधिक हानि पहुँचा रहा है के पक्ष एवं विपक्ष में अपने विचार प्रस्तुत करने थे एवं वर्ग ब में कक्षा आठवीं से कक्षा बारहवीं तक के विधार्थियों को विषय क्या नई शिक्षा नीति भारत के भविष्य के लिए लाभकारी है पर अपने विचार प्रस्तुत करने थे। इस मौके पर विद्यालय की कोर्डिनेटर श्रीमती अंजुम खान एवं अध्यापिका श्रीमती स्वाति शर्मा विधार्थियों के मनोबल को बढ़ाने के लिए उनके साथ गये। इस प्रतियोगिता में हापुड़ और गाज़ियाबाद के 15 विद्यालयों के लगभग 30 विधार्थियों ने प्रतिभाग किया जिनमें भविष्य पब्लिक स्कूल ने दूसरा स्थान प्राप्त किया। जिसमें वर्ग अ में भविष्य पब्लिक स्कूल की कक्षा पांचवी की छात्रा इशिका राणा एवं सातवीं के छात्र अक्षत तोमर और वर्ग ब में कक्षा आठवीं की छात्रा खुशी पांडे एवं सृष्टि गोस्वामी दूसरे स्थान पर रहे। आर. के. जी स्कूल के डिरेक्टर, प्रधानाध्यापिका एवं मुख्य अतिथियों ने बच्चों को पुरिस्कृत किया। भविष्य पब्लिक स्कूल की डिरेक्टर श्रीमती अपर्णा सिंह चौहान जी ने विद्यालय की कोर्डिनेटर श्रीमती अंजुम खान की बच्चों के मार्गदर्शन एवं उनको वाद-विवाद प्रतियोगिता के लिए तैयार करने के लिए प्रशंसा की एवं विजेता विधार्थियों को शाबाशी एवं शुभकामनाएं दी।

# जी.एस. विश्वविद्यालय पिलखुवा ने जागरूकता कार्यक्रम के साथ विश्व एड्स दिवस मनाया



उजाला हितैषी एक्सप्रेस ब्यूरो

हापुड़।पिलखुवा जीएस विश्वविद्यालय पिलखुवा ने एडस दिवस इस वर्ष की थीम ''सही रास्ता अपनाएं, मेरा स्वास्थ्य, मेरा अधिकार'' के तहत एक व्यापक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया। इस आयोजन का उद्देश्य समुदाय को एचआईवी एड्स की रोकथाम, उपचार और कलंक को मिटाने के महत्व पर शिक्षित करना था। डॉ पंकंज गुप्ता (विभागाध्यक्ष, कम्यूनिटि मैडिसिन) के नेतृत्व मे आकर्षक सत्र आयोजित किये गये। विभाग द्वारा टीम को तीन भिन्न-भिन्न भागों: ग्रामीण स्वास्थ्य प्रशिक्षण केन्द्र धौलाना, शहरी स्वास्थ्य प्रशिक्षण केन्द्र हापुड़ एवम जीएस विश्वविद्यालय प्रशिक्षण केन्द्र पिलखुआ हापुड़ में बांटा गया। जिसमें सह अध्यापक डॉ अभिषेक महाजन, डॉ. राजेश शर्मा, डॉ नीति परवार, डॉ साजिया सैफी तथा इन्टर्न डॉ परीमल, डॉ मानव, डॉ महक, डॉ हर्ष वर्धन, डॉ राघव, डॉ आयुषी, डॉ मुकेष, डॉ पार्थ षर्मा, डॉ अभीमन्यु, डॉ नवीन कौशीक, डॉ नवनीत काम्बोज, डॉ रूचीका, डॉ सन्जना, डॉ नीरज, डॉ निस्चय, डॉ रकक्षित, डॉ दिक्षा, डॉ रवी कुमार, डॉ सचिन कुमार, द्वारा आयोजन का समग्र समन्वय किया गया। उन्होंने ब्रेकिंग स्टीगमा व 'किसी व्यक्ति के जीवन में एडस के साथ एक दिन' पर अपनी प्रस्तुति दी, तथा पोस्टर प्रस्तुति में एचआईवी एड्स के चिकित्सीय और सामाजिक पहलुओं पर अंतर्दृष्टि प्रदान की और दर्शाया कि कैसे एचआईवी से पीड़ित व्यक्तियों के दैनिक जीवन पर प्रतिकूल प्रभाव डालता है। इस पहल ने जागरूकता बढ़ाने और सभी के लिए समावेशी स्वास्थ्य देखभाल को बढ़ावा देने के लिए अस्पताल की प्रतिबद्धता को उजागर किया। चिकित्सा निदेष डॉ रूपाली शर्मा ने बताया कि यह आयोजन सार्वजनिक स्वास्थ्य शिक्षा को बढ़ाने और एच आईवी एड्स से पीड़ित लोगों के लिए कलंक-मुक्त सहायता करने के प्रयासों का हिस्सा है। इस सत्र में डीन डॉ प्रदीप गर्ग, चिकित्सा अधिक्षक डॉ सुरेन्द्र कुमार, डॉ नितिन पाठक (डीन स्टूडेंट वेलफेयर), उपनिदेशक मनोज शिशौदिया, अस्पताल में आने वाले सभी मरीज व परिचारक, कर्मचारी व छात्र उपस्थित उपस्थित रहे।

# कैबिनेट मंत्री ने दिल्ली से लखनऊ जाते हुए पूर्व पीएम चौ. चरण सिंह की प्रतिमा पर की माल्यार्पण



उजाला हितैषी एक्सप्रेस ब्यूरो

हापुड़ ।राष्ट्रीय लोक दल के कैबिनेट मंत्री अनिल कुमार ने दिल्ली से लखनऊ जाते हुए तहसील चौराहे पर स्थित भारत के पूर्व प्रधानमंत्री किसानो के मसीहा भारत रत्न स्वर्गीय चौधरी चरण सिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण करते हुए कहा कि स्वर्गीय चौधरी चरण सिंह ने किसानों के लिए आने को लड़ी लड़ाइयां पर विस्तार से कार्यकर्ताओं को जानकारी हासिल कराई गई। जहां राष्ट्रीय लोक दल के कार्यकर्ताओं ने फूल माला पहनकर कैबिनेट मंत्री अनिल कुमार का जोरदार स्वागत किया। इस स्वागत करने वालों में जिला अध्यक्ष रविंद्र प्रधान, प्रदेश सचिव प्रोफेसर अब्बास अली हेमंत मिश्रा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य विजेंद्र चौधरी विजेंद्र दीवान, खालिद जिलानी शहर अध्यक्ष कविता शर्मा मोनिका खटीक नौशाद मलिक युसूफ चौधरी जैकी जाटव आदि लोग मौजूद रहे।

# पूर्व सैनिकों ने सांसद अमरोहा कंवर सिंह तंवर के समक्ष उठाई सी एच एस पोलिक्लीनिक की मांग



उजाला हितैषी एक्सप्रेस ब्यूरो

हापुड़। पिलखुवा जनपद के पूर्व सैनिकों द्वारा पूर्व वायुसेना अधिकारी वारंट आफिसर मनबीर सिंह- उपाध्यक्ष जिला सैनिक बंधु के नेतृत्व में स्थानीय सांसद श्री कंवर सिंह तंवर को उनके सिखैड़ा स्थित कैम्प कार्यालय में मुलाकात कर पूर्व सैनिकों की समस्याओं विशेषकर हापुड़ में ई सी एच एस पोलिक्लीनिक की स्थापना कराये जाने से अवगत कराने के साथ ही पत्र सौंपकर कार्यवाही का अनुरोध किया। इस विषय में अवगत कराना है कि जनपद के पूर्व सैनिकों जिनकी संख्या लगभग 06 हजार है व उनके परिवार को ई सी एच एस की सुविधा लेने के लिए 60 से 70 किमी दूर मेरठ पोलिक्लीनिक में रेफरल लेने जाना पड़ता है,क्योंकि हापुड़ में यह सुविधा उपलब्ध नहीं है। गत कई वर्षो से पूर्व सैनिकों द्वारा प्रत्येक स्तर पर यह मांग उठाई जाती रही है, परन्तु यह लिखकर आवेदन अस्वीकार कर दिया जाता है कि हापुड़ के पूर्व सैनिकों को यह सुविधा 35 से 40 किमी मेरठ में उपलब्ध है, जिबकी वष 2024 में केन्द्र सरकार द्वारा स्वीकृत नये 21 पोलिक्लीनिक में 02 पोलिक्लीनिक नोएडा में मात्र 02 किमी की दूरी पर व मेरठ में भी एक और पोलिक्लीनिक की स्थापना होनी है, जहाँ दोनों जगह पूर्व में यह सुविधा उपलब्ध है।ऐसे में जनपद हापुड़ के पूर्व सैनिकों को यह सुविधा उपलब्ध न कराना उनके प्रति पक्षपातपूर्ण व्यवहार व अन्याय है। माननीय सांसद द्वारा आशवासन दिया गया कि वह इस समस्या के निस्तारण के लिए प्रयास करेंगे व हापुड़ में पोलिक्लीनिक की स्थापना करायेंगे। इस अवसर पर कैप्टन राजेश चौधरी अध्यक्ष पूर्व सैनिक संघ, हवलदार शाहिद अली जिलाध्यक्ष ए ई डी सी, कैप्टन गोपीचंद, कैप्टन महीपाल सिंह, सूबेदार ओम बीर सिंह, सूबेदार समर पाल सिंह, सूबेदार श्री पाल, सूबेदार जगदीश चौहान, हवलदार आदिल, हवलदार राम बीर सिंह, हवलदार, वायुसेना अधिकारी श्री चंद शर्मा, हवलदार हरेंद्र सिंह, हवलदार मनोज, चित्रसेन आदि काफी संख्या में पूर्व सैनिक उपस्थित रहे।

# लोहड़ी उत्सव कार्यक्रम के चैयरमेन चुने गये डॉ आनंद प्रकाश अरोड़ा



उजाला हितैषी एक्सप्रेस ब्यूरो

हापुड़ । पंजाबी सभा समिति रजिज्की एक बोर्ड मीटिंग रेलवे रोड स्थित सिटी प्लाजा रेस्टोरेंट में संपन्न हुई 7 जिसमें आगामी 11 जनवरी को लोहड़ी उत्सव कार्यक्रम करने पर विचार विमर्श हुआ जिसे बोर्ड के पदाधिकारीयो ने सर्वसम्मति से पारित कर दिया 7 पंजाबी सभा समिति के अध्यक्ष संजय कुमार डावर ने बोर्ड पदाधिकारीयो व संरक्षक मंडल को पूर्ण रूप से विश्वास दिलाया कि पूर्व की भांति इस बार भी लोहड़ी उत्सव मेला बड़ी धूमधाम से मनाया जाएगा 7 जिसमें पंजाब के प्रसिद्ध कलाकारों द्वारा भांगड़ा व गिद्दे का आयोजन किया जाएगा। सभी की सहमति से लोहड़ी उत्सव कार्यक्रम के लिए डॉ आनंद प्रकाश अरोड़ा को चैयरमेन चुना गया 7 पंजाबी सभा समिति के सभी संरक्षक व मार्गदर्शक मंडल व सभी पदाधिकारीयो ने एक मत होकर लोहड़ी उत्सव कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए पूर्ण रूप से सहयोग करने का आश्वासन दिया मीटिंग में पंजाबी सभा समिति के सचिव सरदार सरजीत सिंह चावला, कोषाध्यक्ष कमलदीप अरोड़ा, पूर्व अध्यक्ष हरीश ग्रोवर,डॉ आनंद प्रकाश,डॉ अशोक ग्रोवर,सुभाष खुराना, सरदार करम सिंह, वेद प्रकाश अरोड़ा एडवोकेट, डॉ मनमोहन कक्कड़, मनोहर लाल दुआ एडवोकेट, डॉ ओमप्रकाश अरोड़ा,अशोक सोढ़ी, हरीश छाबड़ा,डिंपल शर्मा, कपिल मुंजाल, श्याम सुंदर खन्ना, लेखराज अनेजा, संजय सेठी,रोमी सूरी, राजेश नारंग, यशपाल तनेजा,अनिल तनेजा, सरदार चरणजीत सिंह रिंकू, मीडिया प्रभारी कुणाल शर्मा,सरदार हरविंदर सिंह बाबू, मोहित चोपड़ा आदि उपस्थित रहे।

# सुनील कुमार मंत्री ने डॉ बी.आर. अंबेडकर जी की मूर्ति पर की मालार्पण



उजाला हितैषी एक्सप्रेस ब्यूरो

हापुड़ । आजाद समाज पार्टी (काशीराम) के नवनियुक्त जिला अध्यक्ष सुनील कुमार मंत्री ने रविवार को मेरठ रोड स्थित बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की मूर्ति पर माल्यार्पण अर्पण कर बाबा साहब का आशीर्वाद लिया तो वहीं नवनियुक्त जिला अध्यक्ष सुनील कुमार मंत्री ने कहा कि सभी कार्यकर्ताओं एक को साथ लेकर चलेंगे और पार्टी के सभी कार्यक्रमों को सफल बनाते हुए पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने के साथ पूरी ईमानदारी और लग्नता के साथ महनत करते हुए राष्ट्रीय अध्यक्ष बड़े भाई चंद्रशेखर आजाद के कंधों को मजबूत करेंगे। इस अवसर पर भीम आर्मी जिला अध्यक्ष उमेश कुमार गौतम, राकेश सैनी, सिकंदर खान, धर्मेंद्र जाटव, सचिन कुमार, भीमा जाटव, संदीप कुमार, वली मोहम्मद के साथ अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे की मालार्पण।

# गौवंशों को चारा ,गुड़ आदि खिलाकर पुनीत कार्य किया गया



उजाला हितैषी एक्सप्रेस ब्यूरो

हापुड़। लायंस क्लब हापुड़ गौरव के तत्वावधान मे यहां गढ़ रोड स्थित गौशाला में गौ वंशों को चारा ,गुड़ आदि खिलाकर पुनीत कार्य किया गया। संस्था की अध्यक्ष डा आराधना बाजपेई ने कहा गाय भारतीय संस्कृति में एक पूज्यनीय प्राणी है। यह समृद्धि एवं मातृत्वपूर्ण स्नेह का प्रतीक है।इसका आध्यात्मिक एवं आर्थिक दोनों से ही गहरा संबंध है। पारुल जिंदल ने कहा गाय एक अत्यंत कोमल एवं शांतचित्त प्राणी है। यही कारण है कि यह सभी जनों में प्रिय प्राणी है। कोषाध्यक्ष आरती सिंघल ने कहा कि गाय का हिंदू अनुष्ठानों एवं त्योहारों में बड़ा महत्व है।कहा गया है कि गाय में तेंतीस कोटि देवता निवास करते हैं। इस अवसर पर गरिमा त्यागी,नीतू गर्ग,डा सीमा सिंह,मनीषा शर्मा,दीपिका ,आरती सिंघल,पारुल जिंदल,मंजू गर्ग उपस्थित रहे।

## हमारा शिक्षालय की छात्राओं को आत्मरक्षा का प्रशिक्षण दिया



उजाला हितैषी एक्सप्रेस

नोएडा। राष्ट्र सेविका समिति द्वारा आयोजित 5 दिवसीय अभ्यास वर्ग में नोएडा के नि:शुल्क शिक्षा केंद्र में पढ़ने वाली छात्राओं ने आत्म रक्षा की विभिन्न तकनीकों पर बुनियादी प्रशिक्षण दिया। इस आयोजन का उद्देश्य शिक्षालय की सुपरस्टार्स को आत्म निर्भर एवं आत्मविश्वासी बनाना था, जो कि विद्या रावत जी ने बखूबी करके दिखाया। हमारा शिक्षालय संस्था के अध्यक्ष आशीष शर्मा का कहना है कि हमें देश की हर एक बेटी को अपने सम्मान के लिए लड़ना एवं निडर होकर मुसीबत का सामना करना सिखाना चाहिए।

## पार्किंग के नियम बताने पर ट्रेजरर को थप्पड़ जड़ा

नोएडा । सेक्टर-62 स्थित गेल अपार्टमेंट की महिला से दो लोगों ने पार्किंग को लेकर अभद्रता की। विवाद के दौरान बीच में आए ट्रेजरर के साथ आरोपियों ने मारपीट की। पीड़ित महिला की शिकायत पर थाना सेक्टर-58 में मुकदमा दर्ज कर लिया है। शिकायतकर्ता जसविंदर कौर ने पुलिस को बताया कि सोसाइटी में रहने वाले कार्तिक और ऋषि 27 नवंबर की शाम छह बजे वाहनों की पार्किंग को लेकर झगड़ा और गाली-गलौज कर रहे थे। सोसाइटी के नियमों का भी पालन नहीं कर रहे थे। इसी बीच शोरगुल सुनकर सोसाइटी के ट्रेजरर शरद श्रीवास्तव भी आ गए। उन्होंने पार्किंग के नियमों के बारे में जानकारी दी तो आरोपियों ने अभद्रता करनी शुरू कर दी। इसका विरोध करने पर उनके गाल पर थप्पड़ मारा और जमीन पर गिरा दिया। पीड़िता ने दोनों आरोपियों का वीडियो बनाना शुरू किया तो दोनों ने पीड़िता से अभद्रता की। वीडियो बनाने के दौरान मोबाइल छीनकर तोड़ने का प्रयास किया। पीड़िता का कहना है कि दोनों आरोपी आए दिन किसी न किसी से विवाद करते रहते हैं। आरोपियों के व्यवहार से स्थानीय लोग परेशान हैं। एडीसीपी मनीष कुमार मिश्र का कहना है कि पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## 3.86 करोड़ की ठगी में बांग्लादेशी समेत दो गिरफ्तार

ग्रेटर नोएडा । वरिष्ठ संवाददाता नालेज पार्क पुलिस ने कारोबारी से 3.86 करोड़ रुपये की ठगी करने वाले बांग्लादेशियों सहित दो आरोपियों को बिहार के कटिहार से गिरफ्तार कर शनिवार की रात ट्रेन से ग्रेटर नोएडा पहुंची। दोनों आरोपी लंबे समय से फरार चल रहे थे और नए नए तरीकों से लोगों को चूना लगा रहे थे। एडीसीपी ग्रेटर नोएडा अशोक कुमार शर्मा ने बताया कि सेक्टर 75 के एक कारोबारी संतोष कुमार चौबे ने दो फरवरी को आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई थी। आरोपियों ने खुद को कोयला और पत्थर का सप्लायर बताकर व्यवसायी संतोष चौबे को अपने झांसे में लिया। पत्थर और कोयला आपूर्ति करने के एवज में व्यवसायी से 3.86 करोड़ का चेक लेकर दोनों कटिहार फरार हो गए थे। पुलिस ने मोबाइल की लोकेशन के आधार पर दोनों को कटिहार के नगर थाना क्षेत्र स्थित शहीद चौक से स्थानीय पुलिस की मदद से दो दिन पहले धर दबोचा। गिरफ्तार आरोपियों में गुलाम मुस्तफा बांग्लादेश के गांव कुरमुसी थाना घटाइल जिला टांगाइल बांग्लादेश का रहने वाला है। वह फर्जी आधार कार्ड बनवाकर बंगाल के जलपाईगुड़ी में रह रहा था। वहीं दूसरा आरोपी सोगाताचाकी स्टेशन कालोनी बेलागोवा थाना राजगंज जिला जलपाईगुडी का रहने वाला है। तकनीकी अनुसंधान में मिले मोबाइल के टावर लोकेशन के आधार पर नोएडा पुलिस ने दोनों को ढूंढ निकाला और गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया है।

## प्राधिकरण की टीम पर हमले के मामले में एफआईआर

ग्रेटर नोएडा । सूरजपुर कोतवाली क्षेत्र के जैतपुर गांव में जमीन की पैमाइश करने गए प्राधिकरण और पुलिस टीम पर हमले के मामले में दो महिला समेत चार लोगों को नामजद करते हुए एफआईआर दर्ज हुई है। प्राधिकरण ने अमीन ने जैतपुरा के ग्रामीणों के खिलाफ गाली गलौज व मारपीट करने के साथ सरकारी कार्य में बाधा पहुंचाने का आरोप लगाते हुए कोतवाली पुलिस को तहरीर दी। पुलिस मामले की जांच कर रही है। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के सर्वे अमीन देवेंद्र प्रताप सिंह, सहायक टाइपिस्ट सचिन चौहान अपने साथ पुलिसकर्मियों को लेकर शनिवार को जैतपुर गांव में गए थे। प्राधिकरण के भूलेखाधिकारी के निर्देश पर पैमाइश की जानी थी। जब वह जैतपुर गांव में जमीन की पैमाइश करने लगे तभी जितेंद्र, सुंदर अनीता पत्नी जितेंद्र और रीना पत्नी सुंदर आदि मौके पर पहुंच गए। आरोप है कि चारों ने जमीन की पैमाइश का विरोध किया। विरोध के चलते आरोपियों ने अमीन और टाइपिस्ट के साथ गाली-गलौज करनी शुरू कर दी। बचाव में आए पुलिसकर्मियों के साथ भी आरोपियों ने अभद्रता की। सूरजपुर कोतवाली प्रभारी का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है।

## जेवर में 100 बिस्तर के अस्पताल और ट्रामा सेंटर का रास्ता साफ

ग्रेटर नोएडा । नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के नजदीक आने वाले गांव के लोगों को जल्द अस्पताल की सौगात मिलने वाली है। सर्वोच्च न्यायालय के यमुना एक्सप्रेसवे के किनारे और आसपास क्षेत्रों में विकास के लिए जमीन अधिग्रहण की वैधता बरकरार रखने के फैसले ने अस्पताल के निर्माण का रास्ता फिर से खोल दिया है। भूमि विवाद होने के कारण जेवर में अस्पताल का निर्माण रुका पड़ा था, सर्वोच्च न्यायालय के आदेश के बाद यमुना प्राधिकरण की ओर से अस्पताल के लिए भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया जल्द शुरू होने वाली है। ओएसडी शैलेंद्र भाटिया ने बताया, प्रदेश सरकार ने ट्रामा सेंटर के साथ 100 बिस्तरों का अस्पताल बनाने का ऐलान किया था। ताकि यमुना एक्सप्रेस-वे पर हादसों में घायलों को तुरंत उपचार मिल सके। अस्पताल के लिए बजट का आवंटन पूर्व में ही किया जा चुका है। यमुना प्राधिकरण की सेक्टर- 22 ई में 24 हजार वर्गमीटर जमीन स्वास्थ्य विभाग को आवंटित करने पर सहमति बनी थी, यह अस्पताल यमुना एक्सप्रेसवे के किनारे रोनिजा गांव की जमीन पर बनना था, लेकिन किसानों के न्यायालय चले जाने के चलते अस्पताल का निर्माण अटक गया था। कोर्ट ने प्राधिकरण के हक में फैसला सुनाया हैं, जिससे अस्पताल के निर्माण का रास्ता खुल गया है। अस्पताल के लिए बजट का आवंटन पूर्व में ही किया जा चुका है।

## युवती के साथ मारपीट, मां और भाई भी घायल

नई दिल्ली । उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ शनिवार को अरुणाचल प्रदेश की यात्रा पर रहेंगे और राजीव गांधी विश्वविद्यालय के 22वें दीक्षांत समारोह में मुख्य अतिथि होंगे। उपराष्ट्रपति सचिवालय ने शुक्रवार को यहां यह जानकारी देते हुए बताया कि श्री धनखड़ 30 नवंबर को अरुणाचल प्रदेश के दोईमुख और ईटानगर के एक दिवसीय दौरे पर रहेंगे। इस दौरान उपराष्ट्रपति राज्य के दोईमुख के रोनो हिल्स में राजीव गांधी विश्वविद्यालय के 22वें दीक्षांत समारोह में मुख्य अतिथि होंगे। श्री धनखड़ यात्रा ईटानगर में अरुणाचल प्रदेश विधान सभा के विशेष विधानसभा सत्र को भी संबोधित करेंगे।

## प्रेरणा विमर्श 2024 में गलगोटिया विश्वविद्यालय की दो छात्राओं को मिला प्रथम पुरस्कार



उजाला हितैषी एक्सप्रेस

नोएडा। प्रेरणा शोध संस्थान न्यास, नोएडा द्वारा आयोजित प्रेरणा विमर्श 2024 में गलगोटिया विश्वविद्यालय के पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग की दो छात्राओं को प्रथम पुरस्कार से पुरस्कृत किया गया। जिसके अंतर्गत सेहर अफरोज और अंशिका पाण्डेय को स्व और नागरिक कर्तव्य विषय पर आधारित रील्स प्रतियोगिता में उल्लेखनीय प्रदर्शन के लिए प्रथम पुरस्कार से सम्मानित किया गया। 22, 23 एवं 24 नवंबर को आयोजित तीन दिवसीय प्रेरणा विमर्श में देश भर से कई विश्वविद्यालयों के छात्र एवं शिक्षकों ने प्रतिभाग किया। तीन दिवसीय इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य पंच परिवर्तन के सिद्धांतों को आम जन तक पहुंचना था। कार्यक्रम में स्व, नागरिक कर्तव्य, पर्यावरण संरक्षण, कुटुंब प्रबोधन जैसे विषयों पर विमर्श एवं रील प्रतियोगिता आयोजित की गई थी। कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं को अपने कर्तव्यों के लिए जागरूक करना था। छात्रों की सफलता पर विश्वविद्यालय के कार्यकारी अधिकारी डॉ. ध्रुव गलगोटिया ने बधाई एवं शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि मेरा हमेशा यह प्रयास रहा कि छात्र अपने कौशल और तकनीक का सही दिशा में प्रयोग करें। जिससे व्यक्तित्व निर्माण के साथ ही साथ समाज का भी भला हो।

## दो दिसम्बर को होने वाले दिल्ली कूच से पहले सयुक्त किसान मोर्चा के नेताओ ने अधिकारीयों के साथ होई वार्ता

उजाला हितैषी एक्सप्रेस

ग्रेटर नोएडा। संयुक्त किसान मोर्चा के आह्वान पर 2 दिसम्बर को दिल्ली कूच से पहले आज सुबह 11 बजे स्थरू के सभी किसान संगठनों के नेताओं की डीएम, पुलिस कमिश्नर तथा नोएडा, ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के सीईओ और यमुना प्राधिकरण की ऑफिशिएटिंग सीईओ के साथ वार्ता हुई विफल, ज्यादातर संगठन कल 12 बजे महामाया फ्लाईओवर पहुंचेंगे और कुछ संगठन कल सुबह 9 बजे यमुना प्राधिकरण पर अपनी ट्रैक्टर ट्रालियों और गाड़ियों में सवार होकर यमुना प्राधिकरण से महामाया फ्लाईओवर 12 बजे तक पहुंचेंगे और वहां से एक साथ करेंगे दिल्ली कूच। 10% प्लॉट, 64.7% मुआवजा तथा नए भूमि अधिग्रहण कानून के अनुसार बाजार दर का 4 गुना मुआवजा, 20त्न प्लॉट दिए जाने और भूमिधर, भूमिहीन किसानों के सभी बच्चों को रोजगार तथा पुनर्वास के सभी लाभ दिए जाने एवं आबादियों का निस्तारण किए जाने की मांग को लेकर किसानों द्वारा 25 नवम्बर को ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण पर विशाल किसान महापंचायत कर शुरू किए गए इस आन्दोलन में पहले 3 दिन ग्रेनो पर किसानों का महापड़ाव रहा तत्पश्चात आज तक 4 दिन यमुना प्राधिकरण पर महापड़ाव रहा। अब तय कार्यक्रम के अनुसार कल दिल्ली कूच होगा। मोर्चा की ओर से अधिकृत मीडिया टीम की ओर से जारी प्रेस विज्ञप्ति में बताया गया है कि उक्त मांगों को लेकर एस.के.एम. में शामिल सभी दर्जनों किसान संगठनों ने मिलकर संकल्प लिया है कि अबकी बार आर पार का आन्दोलन है और वह किसानों की मांगें पूरी कराकर ही वापस लौटेंगे। भाकियू टिकैत, भाकियू महात्मा टिकैत भाकियू अजगर, भाकियू कृषक शक्ति तथा भारतीय किसान परिषद और अखिल भारतीय किसान सभा, किसान एकता परिषद, किसान मजदूर संघर्ष मोर्चा कल 12 बजे महामाया फ्लाईओवर पहुंचकर तत्व जय जवान जय किसान मोर्चा और सिस्टम सुधार संगठन आगरा तथा अन्य सभी किसान संगठन सुबह 9 बजे यमुना प्राधिकरण पर इकट्ठा होकर 10 बजे महामाया फ्लाईओवर जाएंगे और 12 बजे तक वहां पहुंचकर 12 बहे एक साथ दिल्ली संसद भवन का घेराव करने के लिए कूच करेंगे।

## महाराष्ट्र - महायुति सरकार का 5 दिसंबर को होगा शपथ ग्रहण समारोह, पीएम मोदी समेत तमाम नेता लेंगे हिस्सा

नई दिल्ली । महाराष्ट्र के अगले मुख्यमंत्री को लेकर जारी सस्पेंस के बीच भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष चंद्रशेखर बावनकुले ने ऐलान किया है कि नई सरकार का शपथ ग्रहण समारोह 5 दिसंबर को होगा।चंद्रशेखर बावनकुले ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर जानकारी साझा करते हुए बताया, महाराष्ट्र में महायुति सरकार का शपथ ग्रहण समारोह गुरुवार, 5 दिसंबर, 2024 को शाम 5 बजे मुंबई के आजाद मैदान में होगा। प्रधानमंत्री मोदी इस कार्यक्रम में शामिल होंगे। यह घोषणा ऐसे समय में की गई है, जब कार्यवाहक मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे महायुति के सहयोगियों के साथ बैठक रद्द करके के बाद अपने गांव में मौजूद हैं। राज्य के अगले सीएम के चयन को लेकर एकनाथ शिंदे, भाजपा नेता देवेंद्र फडणवीस और एनसीपी नेता अजित पवार ने दिल्ली में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से उनके आवास पर मुलाकात की थी लेकिन तस्वीर अभी तक साफ नहीं हो पाई है। इस शपथ ग्रहण समारोह में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा और सत्तारूढ़ एनडीए



गठबंधन के शीर्ष नेता और भाजपा शासित राज्यों के तमाम मुख्यमंत्रियों के शामिल होने की संभावना है। इस बीच प्रशासन ने नई सरकार के गठन की तैयारियां शुरू कर दी हैं। राज्य विधानमंडल का शीतकालीन सत्र 16 से 24 दिसंबर तक होने की संभावना है। बीते दिनों महाराष्ट्र के कार्यवाहक मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने बुधवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस करते हुए कहा, मैंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से बात की है। मैंने उनसे कहा कि सरकार बनाने में हमारी तरफ से कोई अड़चन नहीं है। आप निर्णय लीजिए, भाजपा जो निर्णय लेगी, उस निर्णय की तामिल हो जाएगी। मैं आज आप सबको कहता हूं कि भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता मुख्यमंत्री पद के बारे में जो निर्णय लेंगे और भाजपा का जो उम्मीदवार होगा, उसको शिवसेना का पूरा समर्थन होगा। महाराष्ट्र में एनडीए की बड़ी जीत के बाद नागपुर में देवेंद्र फडणवीस को अगला सीएम बनाए जाने के पोस्टर लगे थे। वहीं इससे पहले बारामती में कुछ पोस्टर्स में प्रदेश के अगले सीएम के तौर पर राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के अध्यक्ष अजित पवार को दिखाया गया था। वहीं शिवसेना के नेता और कार्यकर्ता एकनाथ शिंदे को दोबारा मुख्यमंत्री बनाए जाने की मांग कर रहे हैं। ऐसे में महायुति में सीएम पद को लेकर अभी भी सस्पेंस बरकरार है। महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में 'महायुति' गठबंधन को प्रचंड बहुमत मिला है। महायुति में शामिल भाजपा ने 132, एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली शिवसेना ने 57 और अजित पवार के नेतृत्व वाली राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) ने 41 सीटों पर जीत हासिल की है।

## दिल्ली की वायु गुणवत्ता लगातार सातवें दिन भी खराब, 346 एक्यूआई दर्ज



नई दिल्ली । राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली की वायु गुणवत्ता सुधरने का नाम नहीं ले रही है। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के आंकड़ों के अनुसार, राष्ट्रीय राजधानी की वायु गुणवत्ता रविवार को लगातार सातवें दिन भी बहुत खराब श्रेणी में रही है। दिल्ली में वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 346 दर्ज किया गया है। एयर क्वालिटी अर्ली वार्निंग सिस्टम के अनुसार, प्रतिकूल मौसम की स्थिति के अगले तीन दिनों में उच्च प्रदूषण स्तर को बनाए रखने की उम्मीद है। शहर के निगरानी स्टेशनों में से शादीपुर में सबसे खराब वायु गुणवत्ता दर्ज की गई है। यहां का एक्यूआई 400 से अधिक दर्ज किया गया है, जो गंभीर श्रेणी में आता है। इसके अलावा रोहिणी में रविवार सुबह सबसे अधिक 340 एक्यूआई दर्ज किया है। भलस्वा लैंडफिल में 336, द्वारका में 334 और अलीपुर में 332 एक्यूआई दर्ज किया गया। इसके साथ ही नजफगढ़ में सबसे कम 292 एक्यूआई दर्ज किया गया, जो अभी भी खराब श्रेणी में है। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने 301 से 400 के बीच के एक्यूआई स्तर को बहुत खराब और 400 से ऊपर के एक्यूआई को गंभीर माना है, जो लोगों के स्वास्थ्य के लिए बहुत बड़ा खतरा है। दिल्ली का 24 घंटे का औसत वायु गुणवत्ता सूचकांक शनिवार को 4 बजे 346 पर पहुंच गया, जो शुक्रवार के 331 की तुलना में थोड़ा खराब है। इस बीच, प्रदूषण के खतरनाक स्तर से निपटने के लिए सुप्रीम कोर्ट ने निर्देश दिया है कि स्कूलों को छोड़कर सभी ग्रेडेड रिस्पांस एक्शन प्लान ग्रैप-4 उपाय 2 दिसंबर तक प्रभावी रहेंगे।

## बस मार्शल्स की नियुक्ति को लेकर सीएम आतिशी ने लिखी एलजी को चिट्ठी

नई दिल्ली । दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी ने रविवार को बस मार्शल्स की नियुक्ति को लेकर उपराज्यपाल वीके सक्सेना को चिट्ठी लिखी है। उन्होंने खत में लिखा कि मार्शलों की दोबारा नियुक्ति को लेकर 13 नवंबर 2024 को हमारे सभी मंत्रियों ने एक प्रस्ताव पास करके आपको भेजा था। करीब दो हफ्ते से ज्यादा का समय बीत जाने के बाद भी इस प्रस्ताव पर आपकी ओर से कोई फैसला नहीं लिया गया है। मुझे समझ नहीं आ रहा कि ये देरी क्यों हो रही है। उन्होंने एलजी से अपील करते हुए कहा कि आपसे हाथ जोड़कर विनती करती हूं कि इस प्रस्ताव पर जल्द से जल्द अपनी स्वीकृति दें। ताकि उन 10,000 परिवारों में फिर से रौशनी लौट आए और महिलाओं की सुरक्षा के लिए बसों में मार्शल तैनात हो सकें। सीएम आतिशी ने चिट्ठी में लिखा, पूरी दिल्ली कभी नहीं भूल सकती वो दिन जब हमारी माताएं बहनें और बेटियां बसों में असुरक्षित महसूस करती थीं। छेड़खानी और गलत नज़रों का शिकार होना जैसे उनकी रोजमर्रा की ज़िंदगी का हिस्सा बन गया था। बच्चियों का स्कूल और कॉलेज जाना किसी चुनौती से कम नहीं था और महिलाएं काम पर जाने से पहले सौ बार सोचती थीं कि क्या वे सुरक्षित लौट पाएंगी। ये दर्द हर घर में महसूस किया जाता था। हमारी सरकार ने इस समस्या को गंभीरता से लेते हुए बसों में 10,000 से ज्यादा मार्शल तैनात किए। इन मार्शल ने ईमानदारी से अपना काम करते हुए बहुत से उपद्रवियों को पकड़ा था, उसके बाद से ही हर महिला ने पहली बार बसों में खुद को सुरक्षित महसूस किया था। बसों में तैनात हमारे मार्शल हर उस मां बहन बेटी के लिए उम्मीद थे जो रोज़ अपने घर से निकलती हैं। उन्होंने आगे पत्र में लिखा, 卐इन मार्शलों ने न सिर्फ महिलाओं को सुरक्षा दी बल्कि उन्हें आत्मविश्वास भी दिया उनमें ये भरोसा भी जगाया कि अब कोई भी असामाजिक तत्व उनको तंग नहीं करेगा। लेकिन, फिर केंद्र सरकार के इशारों पर दिल्ली सरकार में बैठे कुछ अफ़सरों ने एक सज़िश के तहत पहले तो इन सभी मार्शलों की तनख्वाह रोकी और फिर 31 अक्टूबर 2023 को इन बस मार्शलों को उनकी नौकरी से भी हटा दिया गया। हमारी सरकार ने आपसे तब भी गुज़ारिश की थी कि ऐसे अफसरों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए लेकिन दुर्भाग्यवश उन पर कार्रवाई करने



की बजाए उन्हें तरक्की देकर और भी बड़े पदों पर बैठा दिया गया। महोदय इन गरीब मार्शलों की नौकरी छीनने से न केवल उनके परिवारों का सहारा छिन गया बल्कि महिलाओं की सुरक्षा का वह कवच भी कमजोर हो गया जो हर दिन लाखों महिलाओं को निडर होकर बसों में सफर करने की ताकत देता था। आतिशी ने लिखा, इन सभी मार्शलों को दोबारा नियुक्ति देकर इन्हें वापस नौकरी पर रखने के लिए 13 नवंबर 2024 को हमारे सभी मंत्रियों ने एक प्रस्ताव पास करके आपके पास आपके कार्यालय में भेजा। लेकिन, अब लगभग दो हफ़्ते से ज़्यादा का समय बीत जाने के बाद भी इस प्रस्ताव पर आपकी ओर से कोई फैसला नहीं लिया गया है। मुझे समझ नहीं आ रहा कि ये देरी क्यों हो रही है। आपसे हाथ जोड़कर विनती करती हूं कि इस प्रस्ताव पर जल्द से जल्द अपनी स्वीकृति दें ताकि उन 10,000 परिवारों में फिर से रौशनी लौट आए और महिलाओं की सुरक्षा के लिए बसों में मार्शल तैनात हो सकें। आपकी स्वीकृति का इंतजार केवल इन मार्शलों को ही नहीं बल्कि मुझे और हमारी पूरी सरकार इन मार्शलों के परिवार और दिल्ली की सभी महिलाओं को है। हम सब आपकी सहमति का इंतजार कर रहे हैं।

## 'हमारी रसोई हमारी ज़िम्मेदारी' थीम के तहत खाना पकाने की प्रतियोगिता आयोजित



नई दिल्ली । तेल वितणन कंपनियों द्वारा शुरू किए गए बुनियादी सुरक्षा जांच अभियान का उद्देश्य प्रशिक्षित कर्मियों द्वारा घर-घर जाकर निरीक्षण के माध्यम से 12 करोड़ से अधिक घरों को कवर करना है। एलपीजी इंस्टॉलेशन में किसी भी सुरक्षा खतरे के लिए ग्राहकों के लिए निरीक्षण नि:शुल्क है, और पुरानी नली या गैर-मानक नली को रियायती मूल्य पर बदला जा रहा है। अब तक, 8 करोड़ से अधिक घरों का निरीक्षण किया जा चुका है, जिसके परिणामस्वरूप लगभग 3.5 करोड़ नलियाँ प्रतिस्थापन हुई है। इस अभियान के एक भाग के रूप में, तेल वितणन कंपनियों द्वारा हमारी रसोई हमारी ज़िम्मेदारी थीम के तहत खाना पकाने की प्रतियोगिता 1 दिसंबर 2024 को मानसरोवर पार्क, शाहदरा में सफलतापूर्वक आयोजित की गई थी। इस आयोजन का उद्देश्य पाक कौशल का जश्न मनाते हुए खाना पकाने में एलपीजी हैंडलिंग और सुरक्षा के बारे में जागरूकता बढ़ाना था। प्रतियोगिता में उत्साहपूर्वक भागीदारी देखी गई, जिसमें 200 प्रतिभागियों ने सुरक्षित एलपीजी हैंडलिंग प्रथाओं का पालन करते हुए अपनी खाना पकाने की प्रतिभा का प्रदर्शन किया। सभी जजों के पैनल ने बिन्नी वर्मा, अध्यक्ष मंडोली रोड मार्केट ट्रेडर्स एसोसिएशन मीना कुंडलिया जी मंदिर समिति और उषा मिश्रा एलपीजी सुरक्षा, डिश गुणवत्ता, प्रस्तुति और स्वच्छता जैसे मानदंडों पर प्रतिभागियों का मूल्यांकन किया। प्रतियोगिता के विजेता थे. पहला स्थान प्रतिभा दूसरा गीता तीसरा सपना। 12 बजे संपन्न हुए कार्यक्रम ने प्रतिभागियों और दर्शकों पर रोजमर्रा के खाना पकाने में एलपीजी के जिम्मेदार उपयोग के महत्व के बारे में एक स्थायी प्रभाव छोड़ा। आयोजकों ने कार्यक्रम को सफल बनाने और सुरक्षा और जागरूकता को बढ़ावा देने के अभियान के मिशन में योगदान देने के लिए सभी प्रतिभागियों, न्यायाधीशों और उपस्थित लोगों को धन्यवाद दिया।

## जुबेर अहमद के समर्थन में सीलमपुर में सभा आयोजित

नई दिल्ली । सीलमपुर के सी ब्लॉक में आम आदमी पार्टी की एक बैठक आयोजित की गई, जिसका आयोजन सीलमपुर के पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष मुहम्मद इश्तियाक शेख ने किया था। इस मौके पर वरिष्ठ नेता चौधरी मतीन अहमद और सीलमपुर विधानसभा क्षेत्र से आपउम्मीदवार चौधरी जुबैर अहमद का गर्मजोशी से स्वागत किया गया और आने वाले विधानसभा चुनाव में जुबैर अहमद को जीत दिलाने का संकल्प लिया गया। इसके अलावा राजनीतिक एवं सामाजिक कार्यकर्ता सैयद नासिर जावेद, सीलमपुर विधानसभा क्षेत्र के अध्यक्ष मजहर मोहम्मद, वार्ड अध्यक्ष जावेद अंसारी, और विश्व नाथ शुक्ला ने चौधरी मतीन अहमद और चौधरी जुबैर अहमद का गर्मजोशी से स्वागत किया और आगामी चुनाव में उन्हें भारी मतों से सफल बनाने का संकल्प लिया। बैठक की अध्यक्षता मोहम्मद अखलाक शेख ने की जबकि स्टेज का संचालन जमील मलिक ने किया। इस मौके पर आप नेता हाजी अफजाल ने भी शिरकत की। इस मौके पर चौधरी मतीन अहमद ने कहा कि हमने हमेशा जनता के हित में काम किया है. हार-जीत लगी रहती है हम हर समय लोगों के लिए हमेशा खड़े रहे है, तथा हमने जनता के लिए हमेशा अपने दरवाजे खुले रखे और हम जैसे कल लोगों की समस्याएं सुनते थे और उनको हल करते आज भी हम यही काम रोज़ करते है। इसी लिए सीलमपुर की जनता और आप जैसे लोगों का प्यार हमे मिल रहा है, इस मध्यम से जनता से सीधा संवाद हम कर पाते है और उनकी समस्याएं अच्छी तरह जान पाते है। हम आपको विश्वास दिलाते हैं कि आपके साथ हमारे संबंध भविष्य में भी ऐसे ही बने रहेंगे और हम सभी क्षेत्र के निर्माण और विकास तथा भाईचारे और समानता को मजबूत करेंगे। चौधरी जुबैर अहमद ने कहा कि सीलमपुर में अभी बहुत से निर्माण कार्य करने बाकी है इसी लिए हम आम आदमी पार्टी में शामिल हुए, उन्होंने कहा कि हमारे इलाके का गांधी हरिजन स्कूल जो पिछले कई सालों से टूटा हुआ है इसका निर्माण करा सकू और जगप्रवेश अस्पताल में 500 बेड करा सकू इस लिए मैने आप पार्टी को चुना है। इलाके के सभी विकास कार्य तभी हों सकेंगे जब हम बहुमत वाली पार्टी के साथ मिल काम करेंगे। कांग्रेस पार्टी दिल्ली में पिछले 10 सालों से ज़ीरो है। उन्होंने ये भी कहा कि इलाके की जनता हमारे साथ है हम सब मिल कर सीलमपुर विधानसभा को संवारेंगे निखारेंगे और दिल्ली की नंबर वन विधान सभा बनायेंगे। सैयद नासिर जावेद ने कहा कि जिस तरह आम आदमी पार्टी ने सीलमपुर से चौधरी जुबैर अहमद को अपना उम्मीदवार बनाया है, उसी तरह यहां की जनता भी सबसे पहले सफलता का परचम लहरायेगी, उसके बाद क्षेत्र में एक के बाद एक निर्माण कार्य किए जाएंगे। बैठक में मुख्य रूप से शामिल होने वालों में हाजी मकसूद जमाल, हाजी रईस सलमानी, मशकूर आलम, जरार अहमद, शाहिद चौधरी, अफसर खान, नदीम राईन, राजू किंग, सलमान पठान, इमरान सलमानी, अफ़रोज़ शेख, शफीक अंसारी, नईम, जावेद शेख, रईस अहमद, शराफत, साजिद कुरेशी आदि के नाम शामिल हैं।

## संविधान बदलने की साजिश की जनता नें सजा दी भाजपा को - जितेंद्र बघेल

नई दिल्ली । भारतीय जनता पार्टी बाबा साहब भीमराव अम्बेडकर द्वारा बनाये सविंधान को बदलने की साजिश रच रही थी। यह बात हम नहीं कह रहे बल्कि भाजपा के कई बड़े नेताओं नें अपने भाषण में कही थी यदि जनता नें हमे चार सौ सीट लोकसभा चुनावों में दी तो हम सविंधान बदल देंगे। लेकिन जनता नें भाजपा की साजिश का आभास होते ही भाजपा के मंसूबों पर पानी फेर दिया और चार सौ तो क्या उसे अपने दम पर बहुमत का आंकड़ा भीं छूने दिया। उक्त विचार अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के सचिव हरियाणा कर प्रभारी जितेन्द्र बघेल ने रोहताश नगर विधानसभा के तहत संत रविदास धर्मशाला में आयोजित सविंधान दिवस के मौके पर आयोजित एक गोष्ठी में व्यक्त किये। गोष्ठी का आयोजन वरिष्ठ कांग्रेस नेता सुरेन्द्र पांचाल ने किया था। कार्यक्रम में बाबरपुर जिला कांग्रेस अध्यक्ष राज कुमार जैन, कार्यकारी अध्यक्ष तथा कबीर नगर से निगम पार्षद हाजी जरीफ, वरिष्ठ पत्रकार दिल्ली प्रदेश कांग्रेस के डेलिगेट अश्वनी भारद्वाज,



ब्लाक अध्यक्ष मुकेश पांचाल, हरेन्द्र सिंह लक्की, संजीव शर्मा किसान, सुरेशवती चौहान, श्यामलाल कालेज छात्र संघ के पूर्व अध्यक्ष श्याम लाल, आरिफ भाई, धर्मपाल, मास्टर फूल सिंह, प्रधानाचार्य चन्द्र पाल सिंह, ज्ञान चाँद चंद राजा राम ओमपाल सिंह सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस तथा समाज से जुड़े गणमान्य लोग मौजूद रहे। मंच का संचालन रोमी भाई नें किया। जितेन्द्र बघेल ने कहा, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड्गे तथा लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी के नेतृत्व में कांग्रेस सविंधान को बचाने की लड़ाई लड़ रही है। कि जो भाजपा 400 पार के सपने ले रही थी बहुमत भी हांसिल नहीं कर सकी और दो-दो बैसाखियों के सहारे उसे सरकार बनानी पड़ी। जिला कांग्रेस अध्यक्ष राज कुमार जैन नें कहा आम आदमी पार्टी हो या भाजपा दोनों दिल्ली की जनता के साथ धोखा करती हैं। ये दोनों पार्टियाँ नूरा कुश्ती करती हैं तथा दिल्ली की जनता को गुमराह करती हैं। हाजी जरीफ ने कहा आज हर गली और हर मौहल्ले में जनता के बीच पहुंच आप पार्टी तथा भाजपा की पोल खोलने की जरूरत है। हाजी जरीफ नें कहा शीला दीक्षित की सरकार नें हमें गंगा का जल पीने को दिया था लेकिन आप पार्टी सरकार दूषित जल की आपूर्ति कर रही है लोगो को महंगा पानी खरीद कर पीना पड़ रहा है। अश्वनी भारद्वाज नें कहा कहीं पर आज रेवड़ी पर चर्चा हो रही है, तो कहीं पर चाय पर चर्चा या मन की बात की जा रही है लेकिन सविंधान बचाने और उस पर चर्चा की बात केवल कांग्रेस ही कर रही है।

# विधवा महिला ने ट्रेनिंग कर रहे संग्रह अमीन पर चरित्रहीन होने का लगाया आरोप डीएम से कार्यवाही की लगाई गुहार

उजाला हितैषी एक्सप्रेस

बुलंदशहर। थाना कोतवाली नगर क्षेत्र की रहने वाली एक विधवा महिला ने जिलाधिकारी को दिए गए शिकायती पत्र में आरोप लगाया है कि आरोपी मनीष के पिता जी संग्रह अमीन के पद एक बतौर तहसील सदर जिला बुलंदशहर में नौकरी करते थे। जिनकी मृत्यु इसी वर्ष 2024 मई माह में दुर्घटना रोड एक्सीडेन्ट के कारण हो गयी थी और उनकी नौकरी को मृतक आश्रित के बतौर मृतक के पुत्र एक गांव निवासी थाना कोतवाली देहात तहसील सदर व जिला बुलन्दशहर प्राप्त करने की कोशिश कर रहा है। यहां तक कि उसने आवेदन अपने सारे कागजात व शैक्षिक प्रमाण-पत्र लगाकर दिए है। जिसमें पीड़िता की मां को सूचना दी कि संग्रह अमीन ट्रेनिंग भी खुर्जा क्षेत्र में कर रहा है लेकिन उक्त व्यक्ति एक चरित्रहीन व्यक्ति है। संग्रह अमीन की ट्रेनिंग कर रहे उक्त व्यक्ति ने मेरी युवा पुत्री के साथ जबरदस्ती कर उसके साथ धोखा किया है। जिसके विरुद्ध पीड़िता की मां ने थाना कोतवाली नगर में मुकदमा पंजीकृत कराया है। आरोप है कि उक्त व्यक्ति नव युवतियों को अपने साथ शादी का झांसा देकर उनके साथ शारीरिक सम्बन्ध बनाकर मानसिक व शारीरिक%शोषण कर उनके जीवन के साथ खिलवाड़ करता हैं। पीड़िता की मां एक विधवा व असहाय महिला होने के कारण उक्त दबंग उसकी कमजोरी का फायदा उठाकर उपरोक्त व्यक्ति ने मेरी पुत्री के साथ दुष्कर्म किया है। जो कि उसके बावत नौकरी किसी भी विभाग में उसके आचरण अनुसार ठीक नही है। इसका चरित्र गंदा है। इसके विरूद्द थाना कोतवाली नगर में मुकदमा विचाराधीन है। जिसमें न्यायहित में उक्त व्यक्ति की नौकरी जो मृतक आश्रित से मिल रही है उसको समाप्त की जानी आवश्यक है। तथा उसके चरित्र प्रमाण-पत्र की जांच होनी आवश्यक है। पीड़ित महिला ने डीएम से गुहार लगाई है कि उक्त प्रकरण की जांच कराकर तहसीलदार सदर बुलन्दशहर को आदेशित किया जाये कि उक्त चरित्रहीन व्यक्ति के खिलाफ थाना कोतवाली देहात जिला बुलन्दशहर के विरुद्ध दर्ज संगीन फौजदारी मुकदमा विचाराधीन होने के कारण उसकी नौकरी को तत्काल रोका जाये और उसके द्वारा दाखिल चरित्र प्रमाण-पत्र की जांच कर उसके विरुद्द सख्त कानूनी कार्यवाही की जाए।

# प्रखर अग्रवाल बने सब लेफ्टिनेंट परिवार में खुशी का माहौल

उजाला हितैषी एक्सप्रेस



बुलंदशहर। डिबाई मौहल्ला नमक मंडी में स्थित गगन अग्रवाल के पुत्र प्रखर अग्रवाल ने भारतीय नौसेना में कड़ी मेहनत करके सब लेफ्टिनेंट के पद की ट्रेनिंग पूरी होने के बाद अपनी जन्मस्थली अपने परिवार से मिलने के लिए डिबाई आने की खबर दीं जिसके स्वागत में ढ़ोल नगाड़ों के साथ पूरे हर्षोल्लास के साथ गर्मजोशी से स्वागत किया और प्रखर अग्रवाल ने अपनी कामयाबी का श्रेय अपने माता-पिता व शिक्षकों को देते हुए अपने लक्ष्य को प्राप्त करने की बात कही। प्रखर अग्रवाल ने बताया कि मैंने यूट्यूब पर अपलोड वीडियो के माध्यम से नौसेना में भर्ती होने का लक्ष्य साधकर सिखना शुरू किया और रात दिन कड़ी मेहनत करके देश सेवा के क्षेत्र में नौसेना को चुना तो प्रखर अग्रवाल ने कहा कि मेरा नौजवान युवक वर्ग से अनुरोध है कि लक्ष्य निर्धारित करके एक ही दिशा चुनकर आगे बढ़ते रहे तो एक दिन कामयाबी जरूर हासिल होंगी प्रखर अग्रवाल ने शुरआत में जेपी विद्या मंदिर से 12 वीं तक की पढ़ाई पूरी करने के बाद राष्ट्रीय रक्षा अकादमी(एनडीए)की परीक्षा उत्तीर्ण कर नौसेना में जाने का मन बनाया और प्रखर अग्रवाल का नौसेना में ट्रेनिंग पूरी करके सब लेफ्टिनेंट के पद पर नियुक्त किया गया। प्रखर अग्रवाल की सफलता का पूरे परिवार व मित्रों ने जोरदार स्वागत किया। प्रखर अग्रवाल की सफलता से उत्साहित होकर पूरे परिवार के साथ माता पिता ने कहा कि प्रखर अग्रवाल ने देश की सुरक्षा करने का मार्ग चुना और कामयाबी हासिल करके हमारा सिर गर्व से ऊंचा कर दिया इससे पहले हमारे परिवार में नई पीढ़ी में देश सेवा का जज्बा हमारे बेटे ने दिखाया। प्रखर अग्रवाल को बधाई देने वाले लोगों का तांता लगा हुआ है। उज्वल भविष्य के साथ देश सेवा कर बुलन्दी को हासिल करने का आशीर्वाद प्राप्त कर प्रखर अग्रवाल फूले नहीं समा रहे हैं और बुजुर्गों के चरण स्पर्श कर आशिर्वाद प्राप्त कर रहा है। इस अवसर पर कपिल अग्रवाल गगन अग्रवाल ताऊ तरुण अग्रवाल रवि अग्रवाल डॉ लक्ष्य अग्रवाल डॉ अक्षर अग्रवाल भोला भैया गौरव दादी ओमवती देवी ममता अग्रवाल,बड़ी बहन मानसी अग्रवाल, छोटी बहन नेन्सी अग्रवाल शिल्पी अग्रवाल, वार्ता अग्रवाल मिताली अग्रवाल मेघा अग्रवाल लिपिका अग्रवाल प्रणव गोयल एवं बधाई देने वाले नगर व क्षेत्रवासी मौजूद रहे।

# फेंगल चक्रवात-पुडुचेरी में भारी बारिश के कारण जनजीवन अस्त-व्यस्त



पुडुचेरी । पुडुचेरी में चक्रवात 'फेंगल' के चलते हुई भारी बारिश के कारण रविवार को जनजीवन प्रभावित हुआ। फेंगल 30 नवंबर को यहां तट से गुजरा था। भारत मौसम विज्ञान विभाग के अनुसार, पुडुचेरी में आज सुबह नौ बजे तक पिछले 24 घंटों में 46 सेंटीमीटर बारिश दर्ज की गई। चक्रवात फेंगल के कारण भारी बारिश हुई, जिसकी वजह से बुलीवर्ड सीमा के बाहरी इलाकों में सभी रिहायशी इलाके जलमग्न हो गए। चक्रवाती तूफान के प्रभाव से कई जगहों पर पेड़ उखड़ गए। शनिवार रात 11 बजे से अधिकतर इलाकों में बिजली आपूर्ति ठप होने की खबर मिली है। कई आवासीय कॉलोनियों में पानी भर गया और निवासी कई घंटों तक घरों से बाहर नहीं निकल पाए। लोगों ने बताया कि सड़कों पर खड़े दोपहिया वाहन और कार बारिश के पानी में आंशिक रूप से डूब गईं और कई मकानों में पानी घुस गया। बुजुर्ग लोगों का कहना है कि केंद्र शासित प्रदेश में प्रकृति का ऐसा कहर तीन दशक पहले भी देखने को मिला था। बारिश के चलते मुख्य मार्ग और सड़कें जलमग्न हो गईं, जिससे दैनिक जीवन अस्त-व्यस्त हो गया। खेतों में फसलें भारी बारिश की मार झेल रही हैं। परिवहन सेवाएं प्रभावित हुईं और पांडिचेरी हेरिटेज राउंड टेबल 167 जैसे स्वयंसेवी संगठनों ने राहत शिविरों में रह रहे लोगों को भोजन के पैकेट उपलब्ध कराने के लिए सरकार के प्रयासों में सहयोग दिया है।

अधिकारियों ने बताया कि कई प्रभावित इलाकों में बचाव अभियान जारी है और बाढ़ग्रस्त क्षेत्रों से सैकड़ों लोगों को निकाला गया है। उन्होंने कहा कि स्थानीय प्रशासन, पुलिस बल, सेना और विशेष बचाव दलों के समन्वित प्रयासों से अभियान कुशलतापूर्वक संचालित किया गया है। अधिकारियों ने कहा कि जीवा नगर और अन्य संवेदनशील इलाकों में लोगों को निकालने और आवश्यक राहत प्रदान करने के प्रयास जारी हैं।

# सरकार के गठन में देरी महाराष्ट्र का 'अपमान' है- आदित्य ठाकरे

मुंबई । शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे) के नेता आदित्य ठाकरे ने रविवार को कहा कि विधानसभा चुनाव के नतीजे घोषित होने के एक सप्ताह से अधिक समय बाद भी महायुति द्वारा मुख्यमंत्री के नाम पर फैसला नहीं किया जाना और सरकार न बना पाना महाराष्ट्र का 'अपमान' है। ठाकरे ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' के जरिए सवाल उठाया कि राज्य में अभी तक राष्ट्रपति शासन क्यों नहीं लगाया गया है? महायुति के सबसे बड़े घटक भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर निशाना साधते हुए ठाकरे ने कहा कि सरकार बनाने का दावा पेश किए बिना ही शपथ ग्रहण की तारीख की एकतरफा घोषणा करना 'पूर्ण अराजकता' है। भाजपा, शिवसेना और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के गठबंधन वाले महायुति गठबंधन ने महाराष्ट्र विधानसभा चुनावों में भारी जीत के साथ सत्ता बरकरार रखी। भाजपा की प्रदेश इकाई के अध्यक्ष चंद्रशेखर बावनकुले ने शनिवार को कहा कि महाराष्ट्र में नई महायुति सरकार का शपथग्रहण पांच दिसंबर की शाम को दक्षिण मुंबई के आजाद मैदान में होगा। अभी तक इस बात की घोषणा नहीं की गई है कि नया मुख्यमंत्री कौन होगा लेकिन भाजपा सूत्रों ने बताया कि देवेंद्र फडणवीस का नाम सबसे आगे है। फडणवीस दो बार मुख्यमंत्री रह चुके हैं और वह कार्यवाहक मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली निवर्तमान सरकार में उपमुख्यमंत्री थे। शिंदे शुक्रवार को सातारा जिले में अपने पैतृक गांव के लिए रवाना हुए थे। इस बीच अटकलें लगाई जाने लगीं कि वह राज्य की नई सरकार के गठन के लिए हो रही कवायद के तरीके से खुश नहीं हैं। उनके एक निकट सहयोगी ने कहा कि शिंदे को अपने पैतृक गांव में तेज बुखार हो गया था, उनके स्वास्थ्य में सुधार हो रहा है और वह रविवार शाम को मुंबई लौटेंगे। महायुति पर निशाना साधते हुए ठाकरे ने 'एक्स' पर लिखा, ''परिणाम घोषित होने के एक सप्ताह से अधिक समय बाद भी मुख्यमंत्री के नाम पर फैसला न कर पाना और सरकार न बना पाना न केवल महाराष्ट्र का अपमान है, बल्कि उनके प्रिय निर्वाचन आयोग द्वारा की गई मदद का भी अपमान है।'' शिवसेना (यूबीटी) विधायक दल के नेता ने अपनी 'पोस्ट' में कहा कि ऐसा लगता है कि नियम केवल विपक्षी दलों पर लागू होते हैं, कुछ ''विशेष लोगों'' पर नहीं। उन्होंने दावा किया, ''सरकार बनाने का दावा किए बिना और माननीय राज्यपाल के समक्ष संख्याबल साबित किए बिना, एकतरफा तरीके से शपथ ग्रहण की तारीख घोषित करना पूरी तरह अराजकता है।'' ठाकरे ने कहा, ''और इस सब के बीच कार्यवाहक मुख्यमंत्री छुट्टी पर चले गए हैंज।'' शिवसेना (यूबीटी) नेता ने सवाल उठाया, ''राष्ट्रपति शासन का क्या हुआ? क्या यह अब तक लागू नहीं हो जाना चाहिए था? अगर विपक्ष के पास संख्या बल होता और निर्णय नहीं हो पाता तो क्या तब भी ऐसा नहीं होता?''

# आर्य समाज एटीएस एडवांटेज इंदिरापुरम का वार्षिकोत्सव संपन्न



उजाला हितैषी एक्सप्रेस

गाजियाबाद। आर्य समाज एटीएस एडवांटेज इंदिरापुरम का वार्षिकोत्सव समाज सेवी विनोद त्यागी की अध्यक्षता में सौल्लास संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ आचार्य महेन्द्र भाई के ब्रह्मत्व में बहुकुण्डीय यज्ञ से हुआ जिसमें राष्ट्र की सुख समृद्धि व शान्ति की प्रार्थना की गई उन्होंने आगे कहा कि शरीर में कोई सुंदरता नही है,सुंदर होते हैं ब्यक्ति के कर्म,उसके विचार,उसकी वाणी, उसका व्यवहार,उसके संस्कार और उसका चरित्र।ऐसे व्यक्ति ही सन्तोषी,भाग्यवान और सुखी तथा सफल होते हैं जिनके पास भोजन के साथ भूख है,बिस्तर के साथ नींद है और धन के साथ धर्म है।ईश्वर की अपार कृपा व आनन्द की अनुभूति भी इनको स्वतः प्राप्त होने लगती है। इसलिए व्यक्ति अपने थोड़े से जीवन में सकारात्मक सोच व उपकार की भावना से कर्म करते हुए प्रगतिशील बने। समारोह के मुख्य अतिथि अनिल आर्य (राष्ट्रीय अध्यक्ष केन्द्रीय आर्य युवक परिषद्) ने कहा कि देश की वर्तमान परिस्थितियों में हिन्दू दूसरे दर्जे का नागरिक बनता जा रहा है उन्होंने आर्य जनों को आह्वान किया की ओ3म् की पताका के नीचे पूरे हिन्दू समाज को संगठित करें संगठित रहकर ही हम अपने परिवार,समाज और राष्ट्र की रक्षा कर पाएंगे।आज युवा पीढ़ी पथ से विचलित हो रही है उन्हें राष्ट्रवादी विचारधारा से जोड़ना समय की आवश्यकता है।आज दो विचार धाराए देश में चल रही हैं एक देश को जोड़ना,दूसरी तोड़ना चाहती है।इसलिए हमें राष्ट्र के सजक प्रहरी बनकर राष्ट्र रक्षा का संकल्प लेना होगा। विशिष्ट अतिथि डा कल्पना रस्तोगी ने कहा कि मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम व योगीराज श्री कृष्ण भारतीय संस्कृति के आधार स्तंभ है उनका पूरा जीवन चरित्र निष्कलंक व अनुकरणीय है।उन्होंने आगे कहा कि यदि हम आज भी प्राचीन परंपराओं को अपनायें तो राम राज्य की कल्पना साकार हो सकती है। समाजसेवी चौधरी मंगल सिंह ने कहा कि यज्ञ योग और आयुर्वेद से मानव जीवन का कल्याण सम्भव है।उन्होंने मिशन 125 वर्ष स्वस्थ जीवन स्वस्थ भारत जीवित रहने के लिए सांस पानी व भोजन मात्र तीन चीजों की आवश्यकता है।लंबे सांस ले लें व पानी अधिक पी लें,भोजन जैविक लें तो हम 125 वर्ष स्वस्थ जीवित रह सकते हैं। राष्ट्रीय मंत्री प्रवीण आर्य ने महर्षि दयानन्द सरस्वती जी के जीवन पर प्रकाश डालते हुए उनके आदर्शों को अपनाने का आह्वान किया। समारोह अध्यक्ष समाज सेवी विनोद त्यागी ने कहा कि आज नई पीढ़ी को भारतीय संस्कृति के गौरव शाली इतिहास को बताने व पढ़ाने की आवश्कता है। यशस्वी प्रधान देवेन्द्र गुप्ता ने मंच का कुशल संचालन किया। आर्य गायिका स्वर साम्राज्ञी शालिनी गोयल,रानो,अनन्त गुप्ता एवं साथी कलाकारों के साजबाज पर मधुर भजनो को सुनकर श्रोता मंत्रमुग्ध हो गए। प्रमुख रूप से प्रदीप कुमार,दिग्विजय सिंह,ममता चौहान, यज्ञवीर चौहान, सुरेश आर्य, विनीत भगत,योगेश गुप्ता,विजय छाबड़ा,प्रदीप त्यागी,राज कुमार, विजय भारती,परवेश त्रेहन,डा शिप्रा गुप्ता,अभिषेक गुप्ता,डॉ. प्रमोद सक्सैना आदि उपस्थित थे। शांतिपाठ एवं ऋषि लंगर प्रसाद वितरण के साथ कार्यक्रम संपन्न हुआ।

# केजरीवाल ने दिल्ली चुनाव के लिए कांग्रेस के साथ गठबंधन की संभावना से इनकार किया




नई दिल्ली । आम आदमी पार्टी (आप) के संयोजक अरविंद केजरीवाल ने फरवरी में होने वाले दिल्ली विधानसभा चुनाव के लिए अपनी पार्टी और कांग्रेस के बीच गठबंधन की संभावना से रविवार को इनकार किया। केजरीवाल ने यहां संवाददाता सम्मेलन में कहा, दिल्ली में कोई गठबंधन नहीं होगा। 'आप' और कांग्रेस राष्ट्रीय स्तर पर 'इंडिया' गठबंधन का हिस्सा हैं। दोनों दलों ने इस साल की शुरुआत में दिल्ली में लोकसभा चुनाव मिलकर लड़ा था, लेकिन किसी भी सीट पर गठबंधन को जीत नहीं मिली थी और सभी सात सीट भाजपा ने जीती थीं। अक्टूबर में हरियाणा विधानसभा चुनाव से पहले 'आप' और कांग्रेस के बीच कई दौर की बातचीत के बावजूद सीट बंटवारे को लेकर सहमति नहीं बन पाई थी।

## संक्षिप्त समाचार

# भाकियू किसान शक्ति द्वारा ज्ञापन देकर एसडीएम से अनाधिकृत शराब की दुकान बंद कराने की मांग



उजाला हितैषी एक्सप्रेस

बुलंदशहर। डिबाई में शासन की गाइडलाइन को ठेंगा दिखाते हुए शिव मंदिर के बराबर व संकट मोचन हनुमान मंदिर के सामने चल रही वाइन शॉप को लेकर भाकियू (किसान शक्ति) ने मोर्चा खोल दिया है। संगठन के राष्ट्रीय संगठन महामंत्री पंडित गजेंद्र शर्मा ने उपजिलाधिकारी डिबाई कमलेश कुमार गोयल को ज्ञापन देकर नियमों को ताक पर रखकर चल रही वाइन शॉप का लाइसेंस निरस्त कराने की मांग की है। भाकियू नेता का आरोप है कि उक्त वाइन शॉप अनाधिकृत रूप से अवैध है और मानकों को ताख पर रखकर अवैध रूप से लाइसेंस प्राप्त कर इसे चलाया जा रहा है, लेकिन यदि प्रशासन निष्पक्ष जांच करे तो आरोपों की सत्यता भी सामने आ जाएगी। क्योंकि शासन के नियमानुसार कोई भी शराब की दुकान मंदिर (धार्मिक स्थल) के पास नहीं होनी चाहिए। तीन महीने पहले भी की गई शिकायत, नहीं हुई कार्रवाई भाकियू नेताओं का आरोप है कि तीन महीने पहले भी इस वाइन शॉप को लेकर डिबाई प्रशासन से शिकायत की गई, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं की गई। भाकियू का अल्टीमेटम है कि यदि इस बार भी उचित कार्रवाई नहीं की गई तो भाकियू धरना-प्रदर्शन करने को मजबूर होगी। ज्ञापन देने वालों में देवेंद्र शर्मा, रोहन सिंह, दिलशाद खां, जितेंद्र सिंह, सुरेंद्र सिंह आदि भाकियू कार्यकर्ता शामिल रहे।

# बाइक सवार युवक रात को दलदल में गिरा दर्दनाक मौत

उजाला हितैषी एक्सप्रेस

बुलंदशहर। खानपुर थाना क्षेत्र के गांव पाली परतापुर में सड़क किनारे गहरे गड्ढे में रविवार की सुबह एक युवक का शव बाइक समेत पड़ा हुआ स्थानीय लोगों ने देखा। जिसकी सूचना पुलिस को दी गई गड्ढे में कीचड़ का दलदल बना हुआ था। पुलिस ने मृतक की शिनाख्त लोकेश निवासी बहादुरगढ़ के रूप में की। मृतक अपने मौसा के यहां जागरण से परिजनों को लेने आ रहा था। मौत की सूचना से परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है। प्राप्त विवरणनुसार हापुड़ जनपद के थाना बहादुरगढ़ क्षेत्र निवासी निवासी लोकेश कुमार शनिवार की देर शाम को खानपुर के गांव पाली परतापुर निवासी अपने मौसा रमेश के यहां माता के जागरण में शामिल होने के लिए आए थे। देर रात को दो परिजनों को गांव छोड़कर दो अन्य को लेने के लिए पुन- बाइक से पाली परतापुर के लिए निकले थे। लेकिन वह न तो पाली पहुंचे और न ही उनकी कोई सूचना मिली। देर रात में परिजनों ने भी काफी खोजबीन की लेकिन उनका कोई सुराग नहीं लगा। सुबह के समय जानकारी हुई कि रात करीब तीन बजे किसी वाहन से बचने के प्रयास में एक बाइक सवार युवक सड़क किनारे गड्ढे में गिर गया है। सुबह जब परिजनों व ग्रामीणों ने मौके पर जाकर देखा तो लोकेश बाइक के नीचे दलदल में दबे हुए थे। शव मिलने के बाद से मृतक के परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है। थाना प्रभारी ने बताया कि शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। अभी तहरीर नहीं मिली है। तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर अग्रिम कार्रवाई की जाएगी

# कॉलेज से घर लौट रहे छात्र की पिटाई, पुलिस को दी तहरीर

उजाला हितैषी एक्सप्रेस

बुलंदशहर। देहात क्षेत्र के गांव नगला शेखू के पिंटू चौधरी के बेटे आदित्य पर उसके कॉलेज के साथियों ने हमला किया। पहले से चल रही कहासुनी के चलते आरोपियों ने आदित्य को मंदिर मार्ग पर रोका और उसकी पिटाई कर दी। प्राप्त विवरण नुसार देहात क्षेत्र के गांव नगला शेखू निवासी पिंटू चौधरी ने बताया कि उनका बेटा आदित्य नगर के एक कालेज में पढ़ता है। कुछ दिनों पूर्व उसकी कालेज में ही पढ़ने वाले छात्रों से किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई थी। परिजनों ने मिलकर मामला शांत करा दिया था। अब आरोप है कि शुक्रवार शाम उनका बेटा आदित्य कालेज से पढ़कर घर लौट रहा था। इसी दौरान मंदिर मार्ग पर उक्त छात्रों ने उसे रोक लिया और गाली-गलौज करने लगे। जिसका पीड़ित ने विरोध किया, तो आरोपियो ने उसकी जमकर पिटाई कर दी। पीड़ित छात्र ने घर पहुंचकर आप बीती परिजनों को बताई और कोतवाली पहुंचकर मामले की तहरीर पुलिस को दी। कोतवाली प्रभारी राजपाल सिंह तोमर ने बताया कि तहरीर के आधार पर मामले की जांच की जा रही है।

# सभी बूथों का डिजिटलाइजेशन करने पर नड्डा ने दी बधाई



भोपाल । भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) अध्यक्ष जे पी नड्डा ने मध्यप्रदेश पार्टी संगठन को सभी बूथों का डिजिटलाइजेशन करने की उपलब्धि हासिल करने पर बधाई प्रेषित की है। श्री नड्डा ने सोशल मीडिया के जरिए लिखा है, संगठन पर्व के अंतर्गत भाजपा मप्र संगठन ने सदस्यता अभियान में बूथ समिति निर्माण के साथ एक सौ प्रतिशत बूथों का डिजिटलाइजेशन कर नई उपलब्धि हासिल की है। आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में देशभर में संचालित यह अभियान मंडल, जिला और राष्ट्रीय स्तर तक नए आयाम स्थापित कर रहा है। निश्चित रूप से संगठन पर्व हमारे कोटिश- कार्यकर्ताओं के परिश्रम से %विकसित भारत% निर्माण के संकल्प की सिद्धि में सहायक सिद्ध हो रहा है। विभिन्न नवाचारों के जरिए संगठन के रचनात्मक कार्यों को धरातल पर उतारकर हमारे संगठन ने आदर्श स्थापित किए हैं। इस उपलब्धि के लिए मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री श्री मोहन यादव और प्रदेशाध्यक्ष श्री विष्णुदत्त शर्मा के नेतृत्व में प्रदेश के सभी बूथ कार्यकर्ताओं को हार्दिक बधाई व शुभकामनाएं देता हूँ। श्री नड्डा की टिप्पणी के परिप्रेक्ष्य में डॉ यादव ने लिखा है, धन्यवाद माननीय राष्ट्रीय अध्यक्ष जी, आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी और आपके कुशल नेतृत्व में भाजपा मप्र ने संगठन पर्व के अंतर्गत एक सौ प्रतिशत बूथों का डिजिटलाइजेशन कर ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की है। यह सफलता हमारे सभी बूथ कार्यकर्ताओं की कड़ी मेहनत का परिणाम है। %विकसित भारत% के संकल्प को साकार करने के लिए हम सभी पूरी निष्ठा से कार्यरत रहेंगे। प्रदेश अध्यक्ष श्री वी. डी. शर्मा जी और भाजपा, मध्यप्रदेश के पूरे संगठन को इस उपलब्धि के लिए हार्दिक शुभकामनाएं! प्रदेश अध्यक्ष श्री शर्मा ने श्री नड्डा की टिप्पणी के संदर्भ में कहा है, प्रदेश के संगठन एवं बूथ कार्यकर्ताओं का उत्साहवर्धन करने के लिए आपका हार्दिक धन्यवाद। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के मार्गदर्शन व आपके कुशल नेतृत्व में भाजपा मप्र के कार्यकर्ता प्रत्येक बूथ पर संगठन को और सशक्त करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

# पीएम मोदी, राहुल गांधी समेत तमाम नेताओं ने नागालैंड स्थापना दिवस पर प्रदेशवासियों को दी शुभकामनाएं



नई दिल्ली । पीएम नरेंद्र मोदी, उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ और कांग्रेस नेता राहुल गांधी समेत तमाम नेताओं ने नागालैंड के लोगों को राज्य के 62वें स्थापना दिवस पर शुभकामनाएं दी हैं। पीएम मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, नागालैंड के लोगों को उनके स्थापना दिवस पर शुभकामनाएं। नागालैंड को उसकी समृद्ध संस्कृति और राज्य के लोगों के अद्भुत स्वभाव के लिए व्यापक रूप से सराहा जाता है। नागा संस्कृति अपने कर्तव्य और करुणा की भावना के लिए जानी जाती है। आने वाले समय में नागालैंड की निरंतर प्रगति के लिए मैं प्रार्थना करता हूं। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने नागालैंड स्थापना दिवस के अवसर पर राज्य के लोगों को शुभकामनाएं देते हुए इसकी ऐतिहासिक यात्रा पर प्रकाश डाला है। उन्होंने एक्स पर लिखा,नागालैंड के लोगों को उनके राज्य स्थापना दिवस पर हार्दिक शुभकामनाएं! नागालैंड का प्राकृतिक वैभव, जीवंत संस्कृति और प्रकृति के साथ गहरा सामंजस्य वास्तव में मनोरम है। प्रकृति के साथ मजबूत जुड़ाव और लचीलेपन की भावना के साथ नागालैंड भारत के सांस्कृतिक और पारिस्थितिक खजाने के रूप में विकसित हो रहा है। राज्य जीवन के हर पहलू में विकास और समृद्धि प्राप्त करते हुए फलता-फूलता रहे। वहीं कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने एक्स पोस्ट पर लिखा, नागालैंड के लोगों को नागालैंड राज्य दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं। नागालैंड भारत की विविधता में एकता के जीवंत प्रमाण के रूप में खड़ा है, जो अपनी स्वदेशी जनजातियों की समृद्ध विरासत, उनकी गहन परंपराओं और लचीली भावना का जश्न मनाता है। यह दिन सद्भाव को मजबूत करेगा, सांस्कृतिक पहचान को संरक्षित करेगा और निरंतर प्रगति और समझ का मार्ग प्रशस्त करेगा। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने एक्स पोस्ट पर लिखा, नागालैंड के 62वें स्थापना दिवस पर प्रदेशवासियों को दी शुभकामनाएं। त्योहारों की भूमि के रूप में नागालैंड भारत की विविधता का जीवंत प्रतीक है।

राज्य अपनी मनमोहक प्राकृतिक सुंदरता, साहसी लोगों और जीवंत सांस्कृतिक विरासत के लिए प्रसिद्ध है। इस विशेष दिन पर हम नागालैंड की विभिन्न जनजातियों और समुदायों के बीच निरंतर शांति, सद्भाव और समृद्धि की कामना करते हैं।

राज्य की समृद्ध संस्कृति फलती-फूलती रहे और आने वाली पीढ़ियों को प्रेरणा देती रहे।

# 'दोहरी पहचान' वाले व्यक्ति के मामले में उत्तराखंड पुलिस रख रही बारीक नजर




देहरादून । उत्तराखंड पुलिस उस व्यक्ति की ''दोहरी पहचान'' से जुड़े मामले पर बारीकी से नजर रख रही है जिसके अपहरण के कई साल बाद अपने परिवार से दोबारा मिलने की दो अलग-अलग कहानियां देहरादून और गाजियाबाद में सामने आई हैं। यह मामला मोनू शर्मा उर्फ भीम सिंह से संबंधित है जिसने देहरादून और गाजियाबाद में एक जैसा दावा किया है कि बचपन में उसका अपहरण कर लिया गया था और उसे राजस्थान में बंधुआ मजदूर की तरह रहने के लिए मजबूर किया गया था। पुलिस सूत्रों के अनुसार, हाल में इस व्यक्ति ने उत्तर प्रदेश में गाजियाबाद के एक पुलिस थाने में जाकर दावा किया कि 31 साल पहले जब वह केवल आठ साल का था, तब उसका अपहरण कर लिया गया था। उसने पुलिस को अपना नाम भीम सिंह बताया तथा कहा कि इस दौरान उसे राजस्थान में रखा गया। बाद में उसका पुनर्मिलन गाजियाबाद के एक परिवार से हुआ। इस घटना के सामने आते ही देहरादून में भी इस व्यक्ति से जुड़ी इसी प्रकार की एक अन्य कहानी का पता चला जहां वह कुछ समय पहले तक मोनू शर्मा की एक अलग पहचान के साथ रह रहा था। पुलिस ने यहां बताया कि देहरादून के एक पुलिस थाने में करीब पांच माह पहले एक व्यक्ति पहुंचा और उसने पुलिस से अपने माता-पिता को ढूंढने की गुहार लगाई। पुलिस ने समाचार पत्रों तथा अन्य माध्यमों से उसकी तस्वीर प्रसारित की जिसके बाद बरसों से बाट जोह रही एक महिला आशा शर्मा ने उसे अपने पुत्र के रूप में पहचान लिया और इस तरह उसका अपने परिवार से पुनर्मिलन हो गया। पुलिस ने बताया कि लेकिन कुछ दिन पहले अपने घर से किसी काम के सिलसिले में दिल्ली जाने के लिए निकले मोनू ने फिर अपने माता-पिता से कभी संपर्क नहीं किया। बाद में आशा को पता चला कि उनके कथित बेटे ने गाजियाबाद पुलिस से अपने माता-पिता को ढूंढने को कहा और उसके बाद उसका वहां भी अपने ''नए'' परिवार से पुनर्मिलन हो गया है। आशा शर्मा ने कहा कि मोनू जब से आया था, वह उनकी विवाहित बेटी के बच्चों को घर से बाहर निकालने को कहते हुए आए दिन झगड़ा करता रहता था। आशा के पति कपिलदेव शर्मा ने कहा कि उन्हें हमेशा से इस बात पर संदेह था कि वह व्यक्ति उनका बेटा है या नहीं लेकिन उन्होंने अपनी पत्नी की बात मानकर उसे अपने घर में रहने दिया। उन्होंने कहा कि दिल्ली जाने से पहले उसने यहां के एक व्यक्ति से 8,000 रुपए उधार भी लिए थे। कपिलदेव ने कहा कि पुलिस की टीम सुबह उनके घर आई थी और उन्होंने उसे बता दिया कि अब वे नहीं चाहते कि वह व्यक्ति कभी वापस आए। देहरादून में इस व्यक्ति को अपने ''माता-पिता'' से मिलाने में मदद करने वाले मानव तस्करी रोधी इकाई के निरीक्षक प्रवीण पंत ने कहा कि अभी मामले की जांच जारी है और अगर जरूरी हुआ तो टीम गाजियाबाद भी जाएगी। पंत ने कहा कि युवक जब देहरादून आया था तो वह मानसिक रूप से थोड़ा अस्थिर प्रतीत हो रहा था। देहरादून के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अजय सिंह ने इस बारे में पूछे जाने पर कहा कि पुलिस गाजियाबाद में सामने आए इस मामले में बारीकी से नजर रख रही है। उन्होंने बताया कि फिलहाल देहरादून में उस व्यक्ति के खिलाफ कोई मामला दर्ज नहीं किया गया है।